# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–01 अंक–10 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार, 01 जनवरी से 07 जनवरी 2024 पेज–08 मूल्य 5 रूपये







## 'रामायण' और 'महाभारत' से भी ज्यादा लोकप्रिय है पीएम मोदी की 'मन की बात', त्रिपुरा के सीएम का बड़ा दावा

**नई दिल्ली:** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम 'मन की बात' जनता के बीच 1980 के दशक के टेलीविजन धारावाहिक 'महाभारत' और 'रामायण' से अधिक लोकप्रिय है। उनका यह बयान अपने गृह क्षेत्र 'टाउन बारदोवाली' में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' की 108वीं कड़ी सुनने के बाद आया।

उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'हम अपनी माताओं–बहनों को दूरदर्शन पर हर रविवार को 'महाभारत' और 'रामायण' धारावाहिक की अगली कड़ी देखने के लिए टेलीविजन की तरफ दौड़ते हुए देखते थे। आजकल हम अपनी माताओं–बहनों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' को सुनने के लिए दौड़ते हुए देखते हैं जो हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित किया जाता है। यह कार्यक्रम 1980 के दशक में टेलीविजन पर प्रसारित धारावाहिकों से भी अधिक लोकप्रिय है।'

बता दें कि महाभारत 1988 और रामायण1987 में दूरदर्शन पर प्रसारित होता था। बीआर चोपड़ा ने महाभारत और रामानंद सागर ने रामायण सीरियल बनाया था। जनता के बीच दोनों ही धारावाहिकों की इतनी लोकप्रियता थी कि इसके प्रसारण के समय सड़कें और बाजार खाली हो जाया करते थे। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम देश के लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

















































# खेल के प्रति ईमानदार रहें युवा : तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी







**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बुधवार को भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सम्मानित किया। इस अवसर पर मो. शमी ने कहा कि युवा खिलाड़ी अपना हुनर सोशल मीडिया पर व्यर्थ न करें। वह मंडल के युवा खिलाड़ियों की मदद के लिए 24 घंटे तैयार हैं। लेकिन, खिलाड़ियों को भी अपने खेल के प्रति ईमानदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि जितना हुनर पूरे भारत में हैं, उतना केवल उत्तर प्रदेश में ही है।

मंडल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 7 मैचों में 24 विकेट लिए थे। विश्व कप के फाइनल में मिली हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी का हौसला भी बढ़ाया था। हाल ही में उन्हें अर्जुन अवार्ड के लिए नामित किया गया। मो. शमी के करियर और सफलता से मंडल का नाम पूरी दुनिया में रोशन हुआ है।

बुधवार को मीडिया से बात करते हुए मो. शमी ने युवाओं को अपने खेल के प्रति वफादार रहने को कहा। कहा कि उनका करियर भी एक छोटे से गांव से शुरू हुआ था। मंडल से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में इतना हुनर है जितना पूरे देश में नहीं है।

जो खिलाड़ी क्रिकेट में करियर बनाना चाहते हैं। उनके लिए मैं हमेशा तैयार हूं। आजकल युवा अधिक समय सोशल मीडिया को दे रहे हैं। जिससे उनका हुनर व्यर्थ जा रहा है।

भारतीय टीम को विश्व कप में आस्ट्रेलिया से मिली हार का मलाल मो. शमी को अभी तक हैं। उन्होंने कहा कि फाइनल में हमारी टीम उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाई। जिस तरह की हमें उम्मीद थी। पूरे विश्व कप में हम शानदार रहे। फाइनल न जीतने का मलाल है। मोहम्मद शमी ने कहा कि एक समय था, जब भारत के क्रिकेट प्रशंसक सिर्फ बल्लेबाजों को देखने के लिए मैदान में आया करते थे। लेकिन, यह विश्व कप गेंदबाजों के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ है। इस समय हर ओर हमारी गेंदबाजी की प्रशंसा हो रही है। देश में भी गेंदबाजों का क्रेज देखने मिल रहा है। भारतीय टीम के गेंदबाजों ने दुनिया भर में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है।

मो. शमी ने युवाओं को अपने खेल के प्रति वफादार रहने को कहा। कहा कि उनका करियर भी एक छोटे से गांव से शुरू हुआ था। मंडल से कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में इतना हुनर है जितना पूरे देश में नहीं है।

समस्त देश वासियों को
नव वर्ष
की हार्दिक शुभकामनायें
विजेन्द्र सिंह
(प्रधानाचार्य)
प्राथमिक विद्यालय
निरयाबली खादर
तहसील हसनपुर,
जनपद अमरोहा



## संक्षेप खबरें



### चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

**हसनपुर/अमरोहाः** – युवा राष्ट्रीय लोकदल अमरोहा ने चौधरी जयंत सिंह का 45 बां जन्मदिन बहुत सादगी से युवा जिलाध्यक्ष इरकान अली ने अपनी पूरी टीम के साथ अमित प्रजापति के आवास पर केक काटकर मनाया जिसमे अमित चौधरी, सतवीर चौधरी, रामकुमार प्रधान जी, टिंकू चौधरी, विशाल प्रजापति, राशिद सैफी, कुशल चौधरी, भोलू ठेकेदार, यामीन सैफी, शीशपाल सैनी, तस्लीम अहमद, मनु, अरविंद सैनी, केशव गुर्जर, हुमायूं, सरवन चौधरी, सुमित चौधरी आदि पदाधिकारी व सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद, शकील महासचिव निर्वाचित



**अमरोहा।** सदर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में प्रमोद कुमार भटनागर ने 87 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। महासचिव पद पर शकील अहमद ने 87 मत प्राप्त कर विमल किशोर को बड़े अंतर हराया है।

शनिवार सुबह तहसील परिसर स्थित बार रूम में कड़ी निगरानी के बीच मतगणना हुई। चुनाव अधिकारी हबीब अहमद, यशपाल सिंह, अली वाईज, अशोक चौहान, शाहरुख खान ने मतों की गिनती की। प्रमोद अध्यक्ष बने। पुष्करलाल गुप्ता को 23 अधिवक्ताओं का समर्थन मिला। शकील अहमद महासचिव चुने गए। विमल किशोर को 22 और मोहम्मद शजर को नौ मत मिले। इसमें एक मत निरस्त हुआ।

कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद इरफान ने 68 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। ज्ञानेन्द्र कुमार मित्तल को 42 मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर कय्यूम अली व कमरुदीन व विक्रम को निर्वाचित किया गया। शुक्रवार को संपन्न कराए गए चुनाव में 110 बार सदस्यों ने मतदान किया था। इन तीन पदों के अलावा बार एसोसिएशन के बाकी पदों पर चुनाव निर्विरोध हो गया था। नव निर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव ने सभी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए समस्याओं के समाधान के लिए रहने की अपील की। इस मौके पर आसिफ हसन, मोहम्मद मुस्तहसन, मंसूर अहमद, एसपी सक्सैना, महफूज अली सिद्दीकी, शमीम अहमद तुर्क, यशपाल सिंह व अमजद इदरीसी समेत अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

# भगवान राम केवल हिंदुओं के ही नहीं सर्व समाज के आराध्य हैं

**अमरोहाः** यूपी के अमरोहा में चोटीपुरा गांव के कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भगवान राम केवल हिंदुओं के ही नहीं सर्व समाज के आराध्य हैं।

जो भगवान राम को नहीं मानेंगे उनका राजनीतिक मोक्ष हो जाएगा। प्रधानमंत्री के आह्वान पर सभी को 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाना चाहिए। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुरुकुल चोटीपुरा कन्या महाविद्यालय में आयोजित शास्त्र स्पर्धा कार्यक्रम में योगगुरु बाबा रामदेव रविवार को दोपहर तीन बजे पहुंचे। महाविद्यालय स्टाफ और छात्राओं ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए योग गुरु ने कहा कि भगवान राम सबके हैं।

राम हमारे स्वाभिमान हैं, राष्ट्र की अस्मिता हैं, वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। वह भगवान हैं।

यूपी के अमरोहा में चोटीपुरा गांव के कन्या गुरुकुल महाविद्यालय पहुंचे योग गुरु बाबा रामदेव ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भगवान राम केवल हिंदुओं के ही नहीं सर्व समाज के आराध्य हैं।

राम सभी के पूर्वज हैं। हिंदुओं के भी और मुसलमानों के भी। कहा कि अयोध्या में राममंदिर जाने के लिए उन्हें तीन बार व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण मिला है, लेकिन निमंत्रण तो औपचारिकता मात्र हैं। हम वहां अवश्य जाएंगे। सभी को वहां जाना चाहिए। योग गुरु

# जितेंद्र विधूड़ी बने सपा अधिवक्ता के राष्ट्रीय महासचिव



समाजवादी पार्टी में पुराने कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान दिया जाता है।

**हसनपुर/अमरोहा :** सपा नेता एडवोकेट जितेंद्र विधूड़ी को समाजवादी अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया गया है।

यह जानकारी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने पत्र जारी कर दी। उनके मनोनयन पर हसनपुर विधानसभा व उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं इस दौरान जितेंद्र बिधूड़ी ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के बहुत ही पुराने कार्यकर्ता है और समाजवादी पार्टी को हमेशा से मजबूत करने का काम उनके द्वारा किया गया है। पार्टी की नीति व सिद्धांतों को हमेशा लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। समाजवादी पार्टी में पुराने कार्यकर्ताओं को हमेशा सम्मान दिया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताकर मुझे राष्ट्रीय महासचिव के पद पर जिम्मेवारी दी है। मैं ईमानदारी और निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी को निभाने का कार्य करूंगा।

## बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत आत्म सुरक्षा हेतु ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम






**सम्भल**, जिलाधिकारी के निर्देश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखंड सम्भल, पवांसा एवं रजपुरा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को उनकी आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया गया। विकास खण्ड– सम्भल के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रिठाली एवं सम्भल तथा विकास खण्ड–पवांसा में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पवांसा शिविर के 6वें दिन एवं विकास खण्ड–रजपुरा में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, रजपुरा में शिविर के 10वें दिन छात्राओं को ताइक्वांडो कोच– रेखा, कृतिका, अनुष्का एवं सुरेश कुमार ने सभी बालिकाओं को नी अटैक, फ्रंट–साइड जंप किक, पाम अटैक, नकल पंच के साथ–साथ प्राणायाम का अभ्यास कराया, जिसमें बालिकाओं ने बड़े ही उत्साहपूर्वक अभ्यास किया तथा उनके प्रति हो रहे भेद–भाव, बाल विवाह, बाल श्रम, शोषण, लैंगिक मतभेद, अत्याचार जैसी सामाजिक कुरीतिओं को खत्म करने के लिए बालिकाओं को उनके अधिकारों, संरक्षण, अच्छे स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, आत्म निर्भर, समाज में समान भागीदारी अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में छात्राओं के साथ–साथ प्रशिक्षक, विद्यालय की शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहीं।

# क्रिकेट खेलने के दौरान पानी पीकर गिरा किशोर, मौत



**हसनपुर (अमरोहा)।** नगर में सोहरका मार्ग स्थित मैदान पर क्रिकेट खेलने के दौरान पानी पीने के बाद किशोर अचानक गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, नगर के मोहल्ला कायस्थान में राजीव सैनी का परिवार रहता है। उनका पुत्र प्रिंस (16) शनिवार दोपहर दोस्तों के साथ सोहरका मार्ग स्थित मैदान पर क्रिकेट खेलने गया था। इस दौरान प्रिंस ने पानी पी लिया। तभी वह चक्कर आने से मैदान पर पीछे को गिर गया। दोस्त उसे ई–रिक्शा से निजी चिकित्सक के पास ले गए।

लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजन उसे अन्य चिकित्सकों के पास लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। प्रिंस तीन बहन भाइयों में सबसे बड़ा था। बताया जा रहा है कि सर्दी में अचानक पानी पीने से उसे चक्कर आया और वह गिर गया। जिससे उसने दम तोड़ दिया। कुछ लोग उसकी मौत ठंड के चलते होना बता रहे हैं, जबकि कुछ लोग उसकी मौत का कारण हार्टअटैक बता रहे हैं। फिलहाल परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

हसनपुर, अमृत विचारः प्रिंस सैनी नगर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। वह पढ़ाई में काफी होनहार और मिलनसार व्यवहार वाला था। प्रिंस सैनी की मौत होने से परिवार और कॉलेज स्टॉफ में शौक का माहौल है। बताया जा रहा है कि प्रिंस नगर स्थित श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था।

# संभल का इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित करने योग्यः अजय शर्मा

**सम्भल**, भारतीय इतिहास संकलन समिति ने इतिहास दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करके संभल के इतिहास का बखान किया। उसे स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने योग्य बताकर कलयुग की सर्वाधिक पुण्य भूमि संभल को बताया गया।

कोट पूर्वी में अरुण कुमार अग्रवाल के निवास पर आयोजित भारतीय इतिहास संकलन समिति के इतिहास दिवस कार्यक्रम में भारत माता के चित्र के समक्ष मनीष चौधरी और अत्यंत त्यागी ने दीप प्रज्वलित किया। संस्था के संरक्षक प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि संभल के 68 तीर्थ 19 कूप पूजनीय, स्मरणीय एवं ऐतिहासिक महत्व के हैं। इसके साथ ही यहां की 24 कोसीय परिक्रमा, ध्वजा का मेला, पृथ्वीराज चौहान का किला, तोता मैना की कब्र, चक्की का पाट और अन्य अनेक परंपराएं स्मरण रखने योग्य, पूजा करने योग्य और ऐतिहासिक हैं। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल का प्राचीन इतिहास स्वर्ण अक्षरों में अंकित करने योग्य है। यहां अनेक प्रथाएं, परंपराएं अलौकिक हैं। संभल का महत्व अनेक ग्रंथों में वर्णित है जिसे पढ़कर जानकर हर किसी का मन प्रफुल्लित होता है। उन्होंने संभल तीर्थ परिक्रमा तथा संभल के तीर्थ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। ऐतिहासिक 68 तीर्थ और 19 कूप यहां के इतिहास को जीवंत किए हुए हैं। ऐसे में इन तीर्थों की चिंता शासन प्रशासन और समाज को संयुक्त रूप से करनी चाहिए। बैठक में शेखर सक्सेना, पंकज सांख्यधर, वैभव गुप्ता, श्याम शरण शर्मा, अरुण कुमार अग्रवाल, सुमन कुमार वर्मा, अतुल कुमार शर्मा, अमन सिंह, विष्णु कुमार, सरिता गुप्ता, सुनीता यादव, रोहित गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने की तथा संचालन संस्था के जिला सह मंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

कोट पूर्वी में अरुण कुमार अग्रवाल के निवास पर आयोजित भारतीय इतिहास संकलन समिति के इतिहास दिवस कार्यक्रम में भारत माता के चित्र के समक्ष मनीष चौधरी और अत्यंत त्यागी ने दीप प्रज्वलित किया। संस्था के संरक्षक प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि संभल के 68 तीर्थ 19 कूप पूजनीय, स्मरणीय एवं ऐतिहासिक महत्व के हैं। इसके साथ ही यहां की 24 कोसीय परिक्रमा, ध्वजा का मेला, पृथ्वीराज चौहान का किला, तोता मैना की कब्र, चक्की का पाट और अन्य अनेक परंपराएं स्मरण रखने योग्य, पूजा करने योग्य और ऐतिहासिक हैं।



### दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के कियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की

**अमरोहा,** कलैक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शैक्षिक सत्र 2023–24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के कियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गयी जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2023–24 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उ०प्र० के मूल निवासी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) व अन्य कार्यों हेतु जनपद की शिक्षण संस्थाओं को दिनांक 01 जनवरी 2024 से पूर्व अपनी शिक्षण संस्था का मास्टर डाटा अपडेट करना है। 10 जनवरी 2024 तक मास्टर डाटा।

कक्षाओं के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु 01 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक (द्वितीय चरण) आनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है।

# पति ने अपनी ही अश्लील फोटो भेजी, पत्नी ने खाया जहर



**बरेली :** बैंक में कैशियर के पद पर तैनात पति ने अपनी ही पत्नी से 20 लाख रुपए की मांग करते संग्रह विभाग में लिपिक के पद पर तैनात पत्नी को दूसरी शादी करने की धमकी दी। पत्नी ने पैसे देने से इनकार किया तो उसके व्हाट्सएप पर एक युवती के साथ अपनी ही अश्लील फोटो भेज दी। फोटो देखते ही पत्नी इतनी परेशान हुई कि जहर खा लिया। दिल्ली के अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पति के साथ ही सास, ससुर, देवर, जेठ सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर के सेवानिवृत्ति सैनिक अतुल अग्निहोत्री ने अपनी बहन कृति अग्निहोत्री का विवाह 20 फरवरी 2020 को सीतापुर के महोली के पिसावां के सैतियार के ऋषि अवस्थी से किया था। कृति फरीदपुर के संग्रह विभाग में लिपिक के पद पर तैनात थी। उसका पति ऋषि अवस्थी मुरादाबाद के मुढा पांडेय की एसबीआई शाखा में कैशियर के पद पर तैनात है।

आरोप है कि परिवार वालों ने कृति की शादी में 40 लाख रुपए का दहेज दिया। इसके बाद ससुराल वाले 20 लाख रुपए और मांगने लगे। छह महीने पहले परिवार वालों ने आठ लाख का गोल्ड लोन कराकर ऋषि अवस्थी को रकम दे दी। इसके बाद में वह और 10 लाख रुपए की मांग करने लगा। परिवार वालों ने दहेज देने से असमर्थता जता दी। इसके बाद ऋषि अवस्थी दूसरी शादी करने की जिद पर अड़ गया।आरोप है शुक्रवार की शाम 7:00 बजे ऋषि ने अपनी पत्नी कृति अग्निहोत्री के व्हाट्सएप पर दूसरी लड़की के साथ आपत्तिजनक हालत में फोटो भेज दिए। इसके साथ ही उस लड़की से शादी करने का फैसला सुना दिया। इसके बाद कृति डिप्रेशन में आ गई। उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने के बाद परिवार वाले उसे बरेली के मिशन अस्पताल ले गये। जहां के डॉक्टरों ने गंभीर बताकर दिल्ली रेफर कर दिया।

परिवार के लोग कृति को दिल्ली एंबुलेंस से ले जा रहे थे। मुरादाबाद के पास उसने दम तोड़ दिया। कृति अग्निहोत्री के फौजी भाई अतुल कुमार अग्निहोत्री ने पति ऋषि अवस्थी, ससुर शंभू दयाल, सास अरुण लता, जेठ दीपक, देवर प्रवीण, पीयूष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कृति के डेढ़ माह का बेटा है। इंस्पेक्टर रामसेवक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

फरीदपुर के संग्रह विभाग में लिपिक के पद पर तैनात कृति अग्निहोत्री शनिवार को ड्यूटी करने के बाद अपनी ससुराल सीतापुर चली जाती थी। वहीं मुंडा पांडे से उसका पति ऋषि भी पहुंच जाता था। पति का दूसरी लड़की से अवैध संबंधों का खुलासा होने के बाद वह डिप्रेशन में थी। पांच महीने से इसी को लेकर दोनों में झगड़ा चल रहा था। वह प्पांच महीने से ससुराल नहीं गई थी।

वह अपने मासूम बच्चे को पालपोस रही थी। व्हाट्सएप पर फोटो देखने के बाद कृति ने डेढ़ महीने के बच्चे का मोह छोड़कर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक जहर खाने से पहले उसने अपने बच्चों को खुद से अलग कर दिया। कृति के जहर खाने की सूचना पर उसका पति ऋषि पहुंचा। वह एंबुलेंस के पीछे चल रहा था, लेकिन मौत होने की खबर सुनते ही वह रास्ते से भाग गया।

## फसलों में कीट व रोग की सुरक्षा के लिए मोबाइल नंबर जारी

**संभल।** सर्दी के मौसम में फसलों को कीटों से बचाने के लिए किसान परेशान हैं। कृषि विभाग ने दो मोबाइल नंबर जारी किए हैं। किसानों की फसलों में लगने वाले कीट व रोग संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा। उप कृषि निदेशक अरूण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसान मोबाइल नंबर 9452247111 और 9452257111 पर अपनी फसल का फोटो व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से भेज सकते हैं। 48 घंटे में समस्या के निदान के बारे में जानकारी दी जाएगी। सर्दी के मौसम में फसलों को कीटों से बचाने के लिए किसान परेशान हैं। कृषि विभाग ने दो मोबाइल नंबर जारी किए हैं। किसानों की फसलों में लगने वाले कीट व रोग संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा।

मौसम में फसलों को कीटों से बचाने के लिए किसान परेशान हैं। कृषि विभाग ने दो मोबाइल नंबर जारी किए हैं।

## संक्षेप खबरें

### जिलाधिकारी नए साल में करेंगे नई पहल, गोवंश के लिए भूसे की होगी भरपूर व्यवस्था

**कांठ** में जिलाधिकारी नए साल में नई पहल करने जा रहे हैं। इसके तहत वे क्षेत्र के किसानों से भूसा दान लेकर गोवंश पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था कराएंगे। जिलाधिकारी किसानों से एक कुंतल भूसा की अपील करेंगे।

डीएम मानवेंद्र सिंह ने कहा कि नए साल वर्ष 2024 में एसडीएम अपने-अपने तहसील क्षेत्र में लेखपालों को भेजकर जो किसान गेहूं की फसल बोते हैं उनका रजिस्टर बनाकर पंजीकरण कराएंगे और लेखपाल की जिम्मेदारी होगी कि वह प्रत्येक किसान से एक कुंतल भूसा दान में लेकर गोवंश पशुओं के लिए गोशाला में संरक्षित कराए।

इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पंजी के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने गोवंश की सहायता के लिए जिलाधिकारी द्वारा बनाए गए गांव संवर्धन एवं संरक्षण कोष में ?11000 का चेक सोपा। साथ ही 1200 रुपये की धनराशि नवनिर्मित कान्हा गोशाला के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष कांठ एवं अधिशासी अधिकारी को दिए।

### बैडमिंटन में नेहरूहाउस, क्रिकेट में शास्त्री हाउस रहा अव्वल

**चन्दौसी,** मुंसिफ रोड स्थित चंदौसी बाल विद्या मंदिर में हो रही खेलकूद प्रतियोगिताओं के सातवें दिन क्रिकेट और बैडमिंटन का फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें क्रिकेट में शास्त्री हाउस तथा बैडमिंटन में नेहरु हाउस विजेता रहा।

विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में इंदिरा और शास्त्री हाउस की टीमों में भिडंत हुई। जबकि बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में शास्त्री और नेहरू हाउस की टीमे आमने सामने रहीं। बैडमिंटन में नेहरु हाउस की खुशी और अनुष्का ने जीत हासिल क। जबकि क्रिकेट में शास्त्री हाउस विजेता रहा। इंदिरा हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शास्त्री हाउस की टीम को 106 रन का लक्ष्य दिया। शास्त्री हाउस ने 107 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। शास्त्री हाउस की टीम में कमल, उदय, जुबेर, गुड्डू, शिवांग, प्रिंस, देवांग, नैतिक कुमार, अथर्व, अभय और प्रिंस शामिल रहे। इस फाइनल मुकाबले का मैन ऑफ द मैच शास्त्री हाउस के कप्तान कमल को घोषित किया गया।

क्योंकि कमल ने टीम को 66 रन का योगदान दिया। विजेता टीम को स्कूल के प्रबंधक सुधांशु रस्तोगी व सुभाष रस्तोगी ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या श्रुति अग्रवाल, ममता नगर, पीटीआई सत्येंद्र यादव, इंदिरा हाउस की हेड डिंपल रानी, नेहरू हाउस की हेड ऋतु सक्सैना, शास्त्री हाउस की हेड निहारिका सिंह, टैगोर हाउस के हेड मनमोहन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को दी बैड एवं गुड टच के टिप्स

**चन्दौसी,** बहजोई रोड स्थित सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण के तहत कार्यक्रम का किया गया। इसमें छात्राओं को गुड-टच व बैड-टच की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी से 12 तक की 300 छात्राओं व समस्त शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को गुड-टच व बैड-टच में फर्क करना व सिखाना था। कार्यक्रम में भाषण व वीडियो के माध्यम से गीतिका मिश्रा व रीता पाण्डेय छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रधानाचार्य कपिल दीप ने कहा कि आज के दौर में जब बच्चों के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और उनको शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसे में हर माता-पिता व परिजन की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को ऐसे हुनर सिखाएं कि वे किसी भी तरह के शोषण को समझ कर उसका सामना कर सके। इसी कारण छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच में फर्क करना सिखाया जाना चाहिए।

### अवैध रूप से की गई प्लाटिंग पर चला बुल्डोजर

**संभल,** नखासा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से की गई प्लाटिंग पर शनिवार को प्रशासन का बुल्डोजर गरजा। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जेसीबी से अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कराने के बाद हिदायत दी कि अगर फिर से बगैर अनुमति प्लाटिंग की गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थानाक्षेत्र के गांव कुरकावली में अहसास गोस ने बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए की प्लाटिंग करा दी। अवैध रूप से की गई प्लाटिंग को ध्वस्त कराने के लिए नायब तहसीलदार अनुज कुमार, कानूनगो और हल्का लेखपाल के साथ ही थाना पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में नायब तहसीलदार ने अवैध रूप से की गई प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। नायब तहसीलदार ने हिदायत दी कि अगर बगैर अनुमति प्लाटिंग की, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम कुरकावली तहसील संभल मे गाटा संख्या 249 पर श्री अहसास गोस पुत्र श्री सरदार गोस नि0 नखासा सम्भल द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये की जा रही प्लाटिंग को तहसील प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से ध्वस्त कराया गया, मौके पर श्री अनुज कुमार सिंह सिंह नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल, श्री मो0 नाजिम अवर अभियंता जिला पंचायत सम्भल एवं थाना नखासा की पुलिस मौजूद रही, जनपद के ग्रामीण क्षेत्र मे जो लोग प्लाटिंग का कार्य कर रहे है, उन्हें सूचित किया जाता है कि सभी लोग अपने - अपने मानचित्र स्वीकृत करा लें अन्यथा उन्हें भी धवस्त करने कि कार्यवाही की जाएगी.

# दिल्ली की प्रेमिका को बंधक बनाकर दुष्कर्म

**संभल :** दिल्ली में रहकर ऑटो चलाने वाला युवक पंद्रह दिन पहले शादी करने का झांसा देकर प्रेमिका को गांव ले आया। प्रेमिका को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शादी करने का दवाब बनाया, तो आरोपी प्रेमी युवक ने अश्लील वीडियो वायरल कर दी। पीड़िता ने प्रेमी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए रजपुरा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक दिल्ली में रहकर ऑटो चलाता है। ऑटो चालक ने दिल्ली निवासी युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। पंद्रह दिन पहले युवक प्रेमिका को गांव ले आया और दुष्कर्म किया। आरोपी प्रेमी युवक ने अश्लील वीडियो भी बना ली। युवती ने प्रेमी युवक पर शादी करने का दवाब बनाया, तो उसने इंकार कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने की जानकारी होने पर पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी प्रेमी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने शनिवार देर रात तक इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया। थाना प्रभारी अमृतलाल ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है। प्रेम-प्रसंग के चलते दिल्ली की युवती गांव आ गई थी। यह जानकारी होने पर युवक घर से फरार हो गया।

> पंद्रह दिन पहले शादी करने का झांसा देकर प्रेमिका को गांव ले आया। प्रेमिका को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शादी करने का दवाब बनाया, तो आरोपी प्रेमी युवक ने अश्लील वीडियो वायरल कर दी। पीड़िता ने प्रेमी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए रजपुरा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# शराब बिक्री पर महिलाओं का गुस्सा फूटा, सीओ आफिस के बाहर किया प्रदर्शन



**चन्दौसी,** शहर से सटे गांव मिलक में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। जिससे महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को गांव की महिलाएं सीओ आफिस के बाहर पहुंची और प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर शराब की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग की।

इसके बाद कोतवाली पुलिस ने गांव में छापेमारी की और एक युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई। गोशाला रोड किनारे बसे गांव मिलक में काफी समय से शराब बेची जा रही है। गांव में देशी से लेकर अंग्रेजी शराब मिल जाती है।

मोहल्ले के युवक पीकर लड़ाई-झगड़ा व गाली-गलौज करते हैं। इससे बच्चों में गलत प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं व युवतियों को भी परेशानी होती है। इसीलिए शनिवार को काफी संख्या में महिलाएं बहजोई रोड स्थित सीओ ऑफिस पहुंची और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि शराब पीकर लोग गाली गलौज करते हैं। इस कारण महिलाओं का बाहर निकलना दूभर होता है।

महिलाओं ने उन लोगों के नाम भी बताए जिनके द्वारा अवैध शराब बेची जा रही है। इसके बाद सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह को अवगत कराया। कोतवाली पुलिस गांव पहुंची तो हड़कंप मच गया। शराब बेचते कोई युवक अथवा महिला नहीं मिली। हालांकि पुलिस एक युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई। प्रदर्शन करने व ज्ञापन सौंपने वालों में कुंती, शकुंतला, छोटी, लता, सुमन, विमलादेवी समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# शर्मनाक : अफगानिस्तान जाने से मना करने पर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म

**संभल :** शहर की महिला डॉक्टर को मूलरूप से कुशीनगर निवासी डॉक्टर ने प्रेमजाल में फंसा लिया। महिला डॉक्टर के परिजनों को बताए बगैर निकाह के दस्तावेज तैयार करा दिए। तीन माह पहले डॉक्टर प्रेमिका से झूठ बोल दिल्ली चला गया और नवंबर में अपने दो दोस्तों को भेजकर प्रेमिका को दिल्ली बुला लिया। महिला डॉक्टर पर अफगानिस्तान जाने का दबाव बनाया। जब उसने इंकार किया, तो आरोपी ने दुष्कर्म किया और दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र में शहर के एक मोहल्ला निवासी बीयूएमएस की डिग्रीधारक युवती निजी अस्पताल में सेवाएं दे रही थी। इसी अस्पताल में अगस्त 2022 में डॉ. शमस रजा सिद्दीकी निवासी पोस्ट पीपरा कनक घुसवा कुशीनगर भी आ गया। डॉ. शमस रजा सिद्दीकी ने महिला डॉक्टर को प्रेमजाल में फंसा लिया। निकाह करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। निकाहनामा तैयार कराकर उस पर महिला डॉक्टर के साइन भी करा लिए। अक्टूबर 2023 में आरोपी डॉक्टर ने महिला डॉक्टर से कहा कि उसे दिल्ली में अच्छी नौकरी मिल रही है। इस पर वह दिल्ली चला गया। एक नवंबर को आरोपी ने महिला डॉक्टर से कहा कि वह कार भेज रहा है उससे दिल्ली आ जाए। महिला दिल्ली पहुंच गई, तो दो दिन उसे होटल में रोका गया।आरोप है कि इसके बाद दिल्ली के आदर्श नगर के एक घर में रखा। डॉ. शमस ने कहा कि उसने वीजा भी तैयार करा दिया है। वह दोनों अफगानिस्तान में रहेंगे। महिला डॉक्टर ने इंकार किया तो आरोपी ने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और दुष्कर्म किया। पीड़िता ने परिजनों को सूचना दी। परिजन दिल्ली पहुंचे और पीड़िता को लेकर संभल आए। पीड़िता ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर डॉ. शमस रजा सिद्दीकी उसके दोस्तों साजिद बेग निवासी 1389 ए सूरज पार्क सेक्टर-18 रोहिणी दिल्ली और रमीज उर्फ शेखू निवासी पोस्ट पीपसी कनक घुसवा कुशीनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

> महिला डॉक्टर के परिजनों को बताए बगैर निकाह के दस्तावेज तैयार करा दिए। तीन माह पहले डॉक्टर प्रेमिका से झूठ बोल दिल्ली चला गया और नवंबर में अपने दो दोस्तों को भेजकर प्रेमिका को दिल्ली बुला लिया। महिला डॉक्टर पर अफगानिस्तान जाने का दबाव बनाया। जब उसने इंकार किया, तो आरोपी ने दुष्कर्म किया और दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# संभल में तीन सगे भाई फांसी पर लटके, दो की मौत, एक गंभीर



**संभल** , जनपद के धनारी थाना क्षेत्र में पिता की डांट से आहत युवक ने गुरुवार को जंगल में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन शव पेड़ से उतारकर घर पहुंचे तो छोटे भाई की मौत से आहत होकर बड़ा भाई भी फांसी पर लट गया। परिजनों ने उसे आनन-फानन फंदे से उतारा और गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया। छोटे भाई की मौत और मझले भाई द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास करने की जानकारी होने पर पंजाब में मजदूरी कर रहा सबसे बड़ा भाई गांव लौटा। देर रात धनारी पहुंचने पर पिता को फोन करने के बाद वह भी पुल के पास पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर लटक गया। परिजन रात में ही मौके पर पहुंच गए और शव को उतारकर घर ले गए। रात में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की जानकारी पाकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक और एसडीएम पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे और मृतकों के परिवार के लोगों से घटना की जानकारी ली। दो सगे भाइयों की मौत से गांव में मातम पसर गया।

थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी किसान विजय सिंह ने छोटे बेटे पान सिंह (20) को गुरुवार को किसी बात पर डांट दिया था। पिता की डांट से आहत युवक जंगल में चला गया और पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के लोगों ने शव पेड़ पर लटका देखा, तो शव को उतारकर घर ले आए। छोटे भाई की मौत से आहत होकर उसके बड़े भाई बृजेश कुमार (22) ने देर शाम घर के कमरे में गेहूं की कुठिया के सहारे फंदे से लटककर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन परिवार के लोगों ने देख लिया और उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। किसान विजय सिंह का सबसे बड़ा बेटा मुनीश कुमार पंजाब में मजदूरी करता है और वह छोटे भाई की मौत की जानकारी होने पर घर आ रहा था।

# पुलिस अभियान चलाकर करे अवैध ई-रिक्शों पर कार्रवाई : डीएम



**संभल,** डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई। इसमें डीएम ने थाना वाइज की गई कार्रवाइयों के बारे में जानकारी की। साथ ही रात में पेट्रोलिंग बढ़ाने समेत 112 डॉयल पुलिस को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। वहीं गैंगस्टर के एक मामले में सीओ बहजोई को एआरटीओ द्वारा संतोषजनक रिपोर्ट न दिए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि संभल शहर में बिना पंजीकरण के कोई भी ई-रिक्शा संचालित नहीं होना चाहिए। अभियान चलाकर अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारी एनडीपीएस समेत जुआ व सट्टे को लेकर जिन लोगों पर कार्रवाई की गई है। उनका सत्यापन कर पता करें कि वह क्या कर रहे हैं। इसके अलावा रात में सड़क पर सो रहे निराश्रित लोगों को नजदीक के रैन बसेरे में शिफ्ट कराते हुए पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। आबकारी अधिकारी से कहा कि नए साल के किसी भी कार्यक्रम में कहीं भी शराब का सेवन न होने पाए।

एआरटीओ को स्कूल बसों की फिटनेस चेक करने के निर्देश दिए। डीएम ने पुलिस से कहा कि संभल में सड़क किनारे कोई भी ट्रक अनावश्यक रूप से खड़ा नहीं होना चाहिए।

इससे आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। पुलिस ट्रकों का सत्यापन करते हुए प्रभावी कार्रवाई करे। वहीं यातायात प्रभारी अनुज मलिक को ट्रक चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेक किया जाए। असमोली व संभल पुलिस को प्राइवेट एंबुलेंस चेक करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी श्रीश्चंद्र, एसडीएम संभल सुनील कुमार त्रिवेदी, गुन्नौर रमेश बाबू, जिला आबकारी अधिकारी समेत सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# सात घंटे रेलवे ट्रैक बना रहा छावनी, रेल रोकने के लिए नहीं पहुंचे किसान



**संभल,** भारतीय किसान यूनियन तोमर ने शुक्रवार को मांगों को लेकर संभल मुरादाबाद मार्ग पर रेलवे क्रांसिंग पर रेल रोकने का ऐलान किया था। उसके बाद से पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया था। शुक्रवार की सुबह से ही सिरसी रेलवे क्रांसिंग पर कई थानो की फोर्स के अलावा पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए थे। पुलिस फोर्स ने किसानों का सात घंटे इंतजार किया, लेकिन किसान रेल रोकने नहीं पहुंचे। उसके बाद में पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

भाकियू तोमर गुट की ओर से शुक्रवार को मांगों को लेकर सिरसी रेलवे क्रांसिंग पर रेल रोकने का ऐलान किया गया था। ऐलान के बाद से पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया था। सुबह आठ बजे रेलवे क्रांसिंग पर कई थाने की फोर्स व पीएसी के जवान तैनात कर दिये गए थे। जिससे पूरा रेलवे क्रांसिंग छावनी में तब्दिल हो गया। सुबह 11 बजे मुरादाबाद से ट्रेन संभल के लिए आती है। जब सुबह ट्रेन सिरसी रेलवे क्रांसिंग पर पहुंची तो प्रशासन अलर्ट हो गया।

दोपहर दो बजे ट्रेन हातिम सराय स्टेशन वापस मुरादबाद के लिए चली गई, लेकिन किसान रेल रोकने के लिए नहीं पहुंचे। उसके बाद में पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। सात घंटे किसानों का इंतजार करने के बाद पुलिस प्रशासन हट गया। जिलाध्यक्ष कासिम सैफी ने बताया कि मांगों को लेकर चार अक्टूबर को लखनऊ के ईको गार्डन में धरना दिया गया था। जिसमें किसानों ने मुख्यमंत्री से वार्ता करने को कहा था। जिसपर पुलिस प्रशासन ने 15 दिन में मुख्यमंत्री से वार्ता कराने का आश्वासन दिया था। उसके बाद भी किसानों की वार्ता नहीं कराई थी।

# दिल्ली में कोहरे के कारण 30 ट्रेनें हुईं लेट

**नई दिल्ली**:दिल्ली के कई हिस्सों में शनिवार सुबह मध्यम से घना कोहरा देखा गया, हालांकि कुछ इलाकों में दृश्यता में सुधार हुआ। मौसम कार्यालय ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में दृश्यता 200 मीटर और 'रिज' पर 500 मीटर रही। घने कोहरे के कारण शनिवार को लगातार चौथे दिन ट्रेन सेवा प्रभावित हुई और दिल्ली आने वाली 30 ट्रेनें देरी से चलीं। आईएमडी के मुताबिक, शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी का अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय सामान्य है जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 11.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

आईएमडी ने कहा कि शहर में सापेक्षिक आर्द्रता 88 से 87 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई। विभाग के मुताबिक, शहर में रविवार को भी सामान्य से घना



कोहरा छाने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 19 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। आईएमडी ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तरी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश के लिए परामर्श जारी किया, जिसमें कहा गया कि

**दिल्ली में पिछले 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 400 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच ''अच्छा'', 51 से 100 के बीच ''संतोषजनक'', 101 से 200 के बीच ''मध्यम'', 201 से 300 के बीच ''खराब'', 301 से 400 के बीच ''बेहद खराब'' और 401 से 500 के बीच ''गंभीर'' माना जाता है। बता दें कि लगभग पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने अपनी चपेट में ले रखा है।**

कोहरे की वजह से रविवार को कुछ हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे मार्गों पर दृश्यता प्रभावित हो सकती है।

दिल्ली में पिछले 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 400 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच ''अच्छा'', 51 से 100 के बीच ''संतोषजनक'', 101 से 200 के बीच ''मध्यम'', 201 से 300 के बीच ''खराब'', 301 से 400 के बीच ''बेहद खराब'' और 401 से 500 के बीच ''गंभीर'' माना जाता है। बता दें कि लगभग पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने अपनी चपेट में ले रखा है। वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। जम्मू–कश्मीर के कुछ हिस्सों में बर्फबारी भी देखने को मिली है।

## संक्षेप खबरें

### जुआ खेल रहे थे ग्रामीण, पुलिस से खुद को बचाने के लिए कुआं में कूदे

**भोपालः** मध्य प्रदेश के दतिया जिले से एक अजीबोगरीब वाक्या सामने आया। यहां कुछ लोग जुआ खेल रहे थे, जिन्हें पुलिस के आने की जानकारी मिली। जैसे ही पुलिस गांव में पहुंची तो जुआ खेल रहे लोग अपने बचाव के लिए कुएं में कूद गए। घटना थरेट थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा अमलापुरम की है। कुआं में कदूने पर एक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं।

**पुलिस गांव में पहुंची तो जुआ खेल रहे लोग अपने बचाव के लिए कुएं में कूद गए। घटना थरेट थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा अमलापुरम की है। कुआं में कदूने पर एक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं।**

**पुलिस को जिम्मेदार ठहरा रहे ग्रामीणः** इस हादसे के लिए ग्रामीण पुलिस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार की शाम को जुआ खेले जाने की पुलिस को सूचना मिली। पुलिस दल के मौके पर पहुंचने पर जुआ खेल रहे ग्रामीण अपने बचाव के लिए भागे, जिनमें से तीन ग्रामणी कुएं में कूद गए। बाद में इन सभी को बाहर निकाल गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदरगढ़ भेजा गया। इनमें से एक की मौत हो गई है और दो घायल हैं।

**गुस्से में ग्रामीणों ने पुलिस दल को घेराः** इस हादसे के बाद ग्रामीण गुस्से में आ गए और उन्होंने पुलिस दल को ही घेर लिया। इतना ही नहीं उन्होंने पुलिस जवानों से झूमाझपटी भी की। किसी तरह पुलिस जवानों ने अपनी जान बचाई। इसके लिए पुलिस को एक मकान में शरण लेना पड़ी।

# मां–बाप और बहन को कुल्हाड़ी से काट रात भर शव के पास बैठा रहा सनकी

**नागौर** में बेटे ने शनिवार रात मां–बाप और दिव्यांग बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। रविवार सुबह जब दूध देने वाला आया, तो आरोपी ने उससे कहा कि आज दूध नहीं लेना है, क्योंकि घरवाले बाहर गए हुए हैं।

राजस्थान के नागौर से एक झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है। बेटे ने मां–बाप और दिव्यांग बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, सोते हुए परिवार पर हमला किया गया। शनिवार रात तीनों का मर्डर करने के बाद आरोपी बेटा रात भर शवों के साथ ही रहा। इसके बाद सुबह बिस्किट खाते हुए पुलिस स्टेशन पहुंचा और हत्या करने की बात बताई।आरोपी बेटा रात भर घर में ही रहा

एसएचओ मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पादूकलां कस्बे में रहने वाले ज्वेलर दिलीप सिंह (45), उसकी पत्नी राजेश कंवर (42) और बेटी प्रियंका ( 15 ) पर धारदार (कुल्हाड़ी) हथियार से हमला किया गया। रविवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी बेटा रात



भर घर में ही रहा। सुबह पुलिस स्टेशन पहुंचा। बेटे ने मां–बाप और दिव्यांग बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, सोते हुए परिवार पर हमला किया गया। शनिवार रात तीनों का मर्डर करने के बाद आरोपी बेटा रात भर शवों के साथ ही रहा। इसके बाद सुबह बिस्किट खाते हुए पुलिस स्टेशन पहुंचा और हत्या करने की बात बताई।आरोपी बेटा रात भर घर में ही रहा

सूत्रों ने बताया कि मोहित मर्डर कर रातभर घर में ही शवों के साथ रहा। रविवार सुबह जब दूध देने वाला आया, तो मोहित ने उससे कहा कि आज दूध नहीं लेना है, क्योंकि घरवाले बाहर गए हुए हैं। इसके बाद मोहित घर से बिस्किट खाते–खाते पादूकलां थाने पर पहुंच गया। वहां जाकर उसने पुलिस के सामने सारी घटना बता दी।हत्यारे मोहित पुलिस पूछताछ की जा रही है। उसके मोबाइल में सुसाइड करने के तरीकों को सर्च करने की हिस्ट्री भी मिली है। तीनों की हत्या के बाद आरोपी ने रात में ही घर में बने टैंक में कूदकर सुसाइड का प्रयास भी किया, लेकिन कामयाब नहीं हुआ। पुलिस आरोपी को मानसिक रूप से अस्थिर बता रही है।

# बिहारहैवानियत की सारी हदें पार, बुजुर्ग महिला से गैंगरेप के बाद काटा स्तन

**नई दिल्लीः** बिहार के नवादा के रूंह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बुजुर्ज महिला के साथ गैंगरेप को अंजाम देने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। आरोपियों ने 60 वर्षीय महिला के स्तन काटने और उसका गला काटने से पहले उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। घटना 25 दिसंबर की बताई जा रही है। पुलिस ने शनिवार को चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ बुजुर्ग महिला से गैंगरेप और हत्या के मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुनील यादव, विपिन यादव, पिंटू यादव और निरंजन यादव के रूप में की गई है। पांचवां आरोपी कारू यादव अभी भी फरार है।

नवादा के सदर एसडीपीओ अजय प्रसाद ने बताया कि पीड़िता गया जिले के जहाना गांव की रहने वाली थी। वह अपने पति के साथ नवादा में अपने रिश्तेदार से मिलने आई थी। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को ट्रेन से नवादा पहुंचने के बाद जब वह सड़क पर इंतजार कर रही थी, तो उसका पति अपना मोबाइल फोन रिचार्ज करने के लिए पास की दुकान पर गया था। चूंकि उसी समय एक शवयात्रा



चल रही थी, इसलिए सड़क पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

पति के बयान के मुताबिक, दुकान से लौटने के बाद उसे पत?नी वहां नहीं मिली। नवादा के सदर एसडीपीओ ने कहा, ₹पुलिस को महिला का क्षत–विक्षत शव 26 दिसंबर को खरदी बिगहा इलाके से मिला। इलाके के सीसीटीवी फुटेज को स्कैन करने के बाद हमने एक आरोपी सुनील यादव का पता लगाया।₹ उन?होंने कहा, ₹पूछताछ के दौरान पाया गया कि सुनील यादव ने पीड़िता को फुसलाया और उसे शहर के चारों ओर एक ई–रिक्शा पर घुमाने के लिए ले गया।

इस दौरान उसके चार दोस्त भी उसके साथ शामिल हो गए। वे महिला को एक सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। अपराध को अंजाम देने के बाद उन्होंने उसका गला और उसके स्तन काट दिए। फिर उन्होंने शव को नाले में फेंक दिया।

### मैंने अपना जीवन ईमानदारी से जिया, मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नही : केजरीवाल

**नई दिल्लीः** दिल्ली शराब घोटाले में एऊ की जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में जांच एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को दूसरा समन भेजकर पेश होने को कहा। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने इस समन को गैरकानूनी बताते हुए एऊकी मंशा पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि मैं हर क़ानूनी समन मनाने को तैयार हूं लेकिन एऊका यह समन गैरकानूनी है और इसे वापस लिया जाए।



दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि एऊ का समन राजनीति से प्रेरित है। अतः इसे वापस लिया जाए। उन्होंने ने कहा कि मैंने अपना जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता से जिया है। मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी एऊका समन गैरकानूनी है। वहीं इससे पहले अरविंद केजरीवाल 20 दिसंबर को 10 दिन की छुट्?टी लेकर विपश्यना केंद्र के लिए चले गए।

**2 नवंबर को भी पेश नहीं हुए थे केजरीवाल**

ऐसा दूसरी बार है जब केजरीवाल एऊका समन मिलने के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होंगे। इससे पहले एजेंसी ने उन्हें 2 नवंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। उन्होंने लेटर भेजकर एजेंसी से पूछा था– मैं संदिग्ध हूं या गवाह। इसके बाद 19 दिसंबर को एऊने उन्हें दोबारा समन भेजा था।

अरविंद केजरीवाल लगातार दूसरी बार **ED** के सामने पेश नहीं हुए हैं। अब सवाल उठता है कि अब जांच एजेंसी क्या करेगी? जानकार बताते हैं कि अब एऊ तीसरी बार नोटिस जारी करेके पेश होने के लिए बुला सकती है। एऊतक तक समन जारी कर सकती है जब तक केजरीवाल सवाल–जवाब के लिए हाजिर नहीं हो जाते। अगर कई नोटिस जारी करने के बाद केजरीवाल एजेंसी के सामने पेश नहीं होते हैं तो एऊ कोर्ट में एक आवेदन जमा कर उनके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी करने की मांग कर सकती है।

# बंद कमरे में जल रही थी अंगीठी, आग लगने से बाउंसर की मौत

**नई दिल्लीःराष्ट्रीय राजधानी** दिल्ली में सर्दी बढ़ गई है। ठंड से बचने के लिए लोग तमाम तरह के उपाय करते हैं। इनमें घर में अंगीठी जलाकर उसके आस–पास बैठना भी शामिल है। हालांकि, अंगीठी जलाने पर घर में सावधानी नहीं बरती तो जान–माल का नुकसान उठाना पड़ जाता है। एक ऐसा ही मामला साउथ दिल्ली के फतेहपुर बेरी थाना इलाके से सामने आया है। एक शख्स की घर के अंदर आग लगने से मौत हो गई।

**अंगीठी जलाने पर घर में सावधानी नहीं बरती तो जान–माल का नुकसान उठाना पड़ जाता है। एक ऐसा ही मामला साउथ दिल्ली के फतेहपुर बेरी थाना इलाके से सामने आया है।**


**अविवाहित था शख्स :** मृतक की पहचान 36 वर्षीय न्यू मंगलौर निवासी अविविनी अरोड़ा के रूप में हुई है, जो अरोड़ा अविवाहित था और बाउंसर के रूप में काम करता था। शख्स कमरे में फर्श पर कुर्सी, कपड़ा और अंगीठी जैसी जली हुई सामग्री के साथ पड़ा हुआ पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात 8:33 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल मिली। फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन में बताया गया कि एक कमरे में आग लग गई थी और अंदर एक व्यक्ति गंभीर रूप से जल गया है और कोई तत्काल सहायता उपलब्ध नहीं है।

**अंदर से बंद था दरवाजा :** घटनास्थल पर पहुंचने पर अधिकारियों को पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद था और उसे जबरन तोड़ना पड़ा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अरोड़ा कुर्सी, कपड़ा, अंगीठी जैसी जली हुई सामग्री के साथ फर्श पर पड़ा हुआ था। दिल्ली फायर सर्विस को सूचित किया गया और क्राइम टीम को बुलाया गया। अधिकारी ने कहा कि कैट एम्बुलेंस को भी बुलाया गया। कैट एम्बुलेंस स्टाफ ने से उसे मृत घोषित कर दिया।

# कोरोना के नए वैरिंट ने दिल्ली में दी दस्तक, महिला में हुई की पुष्टि

**नई दिल्लीः** सर्दी के दस्तक देने के साथ देशभर में कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। इस बीच, कोविड– 19 के नए वैरिएंट ने दिल्ली में भी दस्तक दे दी है। दिल्ली में खठ.1 का पहला मामला सामने आया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी जानकारी दी है। एक अधिकारी के मुताबिक, तीन नमूने जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए थे और उनमें से एक में खठ.1 वैरिएंट की पुष्टि हुई, जबकि बाकि दो में सीक्वेंसिंग की मौजूदगी का पता चला।

1 सीक्वेंसिंग का उप–स्वरूप है और इसमें हल्का संक्रमण होता है। यह दक्षिण भारत में फैल रहा है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह हल्के संक्रमण का कारण बनता है।₹ एक अधिकारी ने जेएन.1 के पहले मामले के बारे में बताया कि मरीज 52 वर्षीय महिला है, जिसे तीन से चार सप्ताह पहले एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारी ने कहा, ''महिला को हल्के लक्षणों के कारण भर्ती कराया गया था। उन्हें खांसी और श्वसन संक्रमण था। उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट की आवश्यकता नहीं पड़ी। शुरू में हमें लगा था कि उन्हें फ्लू



है, लेकिन बाद में जांच में कोविड की पुष्टि हुई। कुछ ही दिनों में उन्हें छुट्टी दे दी गई।

एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को कोविड–19 के 9 नए मामले सामने आने के साथ दिल्ली में 35 से अधिक उपचाराधीन मरीज हैं। उन्होंने बताया कि पहले से कई बीमारियों से ग्रसित 28–वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जिसका प्राथमिक कारण कोविड नहीं था। अधिकारी ने बताया, ₹वह व्यक्ति दिल्ली का नहीं था और उसे हाल में एक निजी अस्पताल में भेजा गया था। उसे कई अन्य बीमारियां थीं और जांच में कोविड का पता चला था। व्यक्ति का नमूना जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट का इंतजार है।₹ अधिकारी ने कहा कि व्यक्ति 'मल्टी–सिस्टम इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम' से पीड़ित था और उसकी हालत अत्यंत नाजुक थी। उन्होंने कहा,जांच में कोविड की पुष्टि हुई थी और ज्यादातर

**देश में कोरोना वायरस के जेएन.1 उपस्वरूप के 40 नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमण के इस स्वरूप के मामले बढ़कर 110 हो गए हैं। गुजरात में 36, कर्नाटक में 34, गोवा में 14, महाराष्ट्र में 9, केरल में 6, राजस्थान और तमिलनाडु में 4–4, तेलंगाना में 2 और दिल्ली में एक मामले सामने आए।**

देखा गया है कि जब मरीज बीमारी के अंतिम चरण में होते हैं तो उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया जाता है।₹ आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि देश में कोरोना वायरस के जेएन.1 उपस्वरूप के 40 नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमण के इस स्वरूप के मामले बढ़कर 110 हो गए हैं। गुजरात में 36, कर्नाटक में 34, गोवा में 14, महाराष्ट्र में 9, केरल में 6, राजस्थान और तमिलनाडु में 4–4, तेलंगाना में 2 और दिल्ली में एक मामले सामने आए।






# राजस्थानः सीएम पद की रेस में थे बाबा बालकनाथ, मंत्री पद भी नहीं मिला

**जयपुरः** राजस्थान में भजन लाल सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो चुका है। कुल 22 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली है। इसमें 12 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 राज्य मंत्री हैं। हैरानी की बात ये है कि भजन लाल सरकार में बाबा बालकनाथ समेत 3 भगवाधारियों में से एक को भी जगह नहीं दी गई है। जबकि बाबा बालकनाथ तो सीएम पद की रेस में भी थे।

सियासी गलियारों में इस बात की खूब चर्चा है कि भजन लाल सरकार में बाबा बालकनाथ, महंत प्रतापपुरी और बाल मुकुंदाचार्य को कोई जगह नहीं दी गई है। चुनाव के बाद ये तीनों ही नेता खूब चर्चा में थे।

बाबा बालकनाथ तो सीएम पद की रेस में थे। जब उन्हें सीएम नहीं बनाया गया तो लोगों को लगा कि उन्हें मंत्री पद मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके अलावा चर्चा इस बात की भी है कि सिर्फ एक गुर्जर विधायक



जवाहर सिंह बेडम को राज्यमंत्री का दर्जा मिला है।

**कौन हैं बाबा बालकनाथ?**

बाबा बालकनाथ पहले अलवर से सांसद थे। उन्हें राजस्थान चुनाव में तिजारा सीट से कैंडीडेट बनाया गया था, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की। बालकनाथ ने अपने प्रतिद्वंदी और कांग्रेस प्रत्याशी इमरान खान को करीब 10,707 मतों से हराया था।

विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से ही बाबा बालकनाथ को राजस्थान के सीएम पद का दावेदार माना जा रहा था। उन्हें राजस्थान का योगी आदित्यनाथ भी कहा जाता है। लेकिन राज्य में जब सीएम का ऐलान हुआ तो सत्ता की चाबी भजन लाल शर्मा को सौंप दी गई। बालकनाथ को डिप्टी सीएम भी नहीं बनाया गया।

**बीजेपी कार्यकर्ता को हिरासत में लेने से नाराज सांसद ने डीएसपी से कहा था– मेरा नाम याद रखना। मेरी सूची में तीन लोग हैं, एक तो यहां के विधायक, पुराने थानेदार और अब आप भी मेरी लिस्ट में हैं। बाबा बालकनाथ की आसपास के क्षेत्र में काफी अच्छी पकड़ है और वे लोगों में अपने हिंदुत्व एजेंडे को लेकर भी काफी प्रचलित हैं।**

बीजेपी आलाकमान के इस फैसले के बाद ये चर्चा होने लगी कि बाबा बालकनाथ को कोई अहम मंत्रालय दिया जा सकता है।

लेकिन आज जब राजस्थान में सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उसमें बालकनाथ का नाम नहीं था। इसके बाद से सियासी गलियारों में इस बात की खूब चर्चा हो रही है।

कब बने थे पहली बार सांसद?

साल 2019 के लोकसभा चुनावों में अलवर से कांग्रेस के दिग्गज नेता भंवर जितेंद्र सिंह को हराकर बाबा बालकनाथ पहली बार सांसद बने थे। कांग्रेस के दिग्गज नेता को करारी पटखनी देने के बाद ही 'बाबा' के नाम को राजनीति के गलियारे में बंपर उछाल मिला। हालही में बालकनाथ उस वक्त चर्चा में आए थे, जब उन्होंने राजस्थान पुलिस के डीएसपी को थाने में घुसकर धमका दिया था।

बीजेपी कार्यकर्ता को हिरासत में लेने से नाराज सांसद ने डीएसपी से कहा था– मेरा नाम याद रखना।


मेरी सूची में तीन लोग हैं, एक तो यहां के विधायक, पुराने थानेदार और अब आप भी मेरी लिस्ट में हैं। बाबा बालकनाथ की आसपास के क्षेत्र में काफी अच्छी पकड़ हैं और वे लोगों में अपने हिंदुत्व एजेंडे को लेकर भी काफी प्रचलित हैं।

आवश्यकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –94568843327

# जिन्हें निमंत्रण मिला केवल वही अयोध्या आएं, घर में जलाएं श्रीराम ज्योति: पीएम



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर यानी शनिवार को अयोध्या दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे, नई ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों समेत कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से एक अपील की। पीएम मोदी ने अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। उन्होंने कहा कि आपने 550 साल से अधिक समय तक इंतजार किया है। कुछ समय और इंतजार करें। हर किसी की इच्छा है कि 22 जनवरी के आयोजन का हिस्सा बने और स्वंय वो अयोध्या आएं। लेकिन 22 जनवरी को हर किसी के लिए अयोध्या आना संभव नहीं है। इसलिए रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को एक बार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद तय कार्यक्रम के तहत अयोध्या आएं।

**22 जनवरी को अयोध्या न आएं**

दरअसल 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। ऐसे में तय लोगों को ही अयोध्या में प्रवेश दी जाएगी। देशभर की कई हस्तियां अयोध्या में मौजूद रहेंगी। इसके लिए लोगों को निमंत्रण भी भेजा जा रहा है। पीएम मोदी ने आग्रह किया कि अपनी सुविधा के अनुसार वे अयोध्या आएं और 22 जनवरी को अयोध्या आने का मन न बनाएं। उन्होंने कहा कि सालों से इस भव्य आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। इसमें कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। यहां भीड़ मत लगाइएगा। मंदिर यहीं है और मंदिर कहीं नहीं जा रहा है। यह सदियों तक यहीं रहेगा।

**पीएम मोदी ने की अपील**

उन्होंने कहा कि समारोह में शामिल होने के लिए कुछ लोगों को आमंत्रित किया गया है। इसलिए जिन्हें निमंत्रण नहीं मिला है, वो अयोध्या आने से बचें और केवल वही लोग अयोध्या आएं जिन्हें निमंत्रण दिया गया है। 23 तारीख के बाद यात्रा करना आसान हो जाएगा। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं। उन्होंने कहा कि ये ऐतिहासिक क्षण भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है। इस मौके पर सभी 140 करोड़ देशवासी 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं।22 जनवरी को घरों में जलाएं श्रीराम ज्योति

पीएम मोदी ने देश के 140 करोड़ लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी लोग जहां भी हैं, मेरी विनती है कि इस दिन अपने घरों में श्रीराम ज्योति जरूर जलाएं और अपने घरों को दीये की रोशनी से जगमग कर दें। पीएम मोदी के इस आह्वान के बाद लोगों में एक अलग तरह का उत्साह देखने को मिल रहा है। जिस तरह से प्रभु श्रीराम जब लंका में रावण और राक्षसों का वध करके अयोध्या लौटे थे और लोगों ने उनकी वापसी के जश्न में घरों को दीये से रोशन कर दिवाली मनाई थी, ठीक वैसी ही दिवाली मनाने का आह्वान पीएम मोदी ने 22 जनवरी के लिए भी देश के लोगों से किया है। उन्होंने यह भी कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन से 22 जनवरी तक अपने घरों, गांवों और आसपास के मंदिरों को स्वच्छ रखकर श्रीराम उत्सव मनाएं। भजन-कीर्तन और अन्य भक्ति कार्यक्रम करें। पीएम मोदी ने कहा कि 22 जनवरी की शाम दिवाली मनाएं। पूरे देश में जगमग-जगमग होना चाहिए।

भारत के साथ पूरी दुनिया में होगी अद्भुत दिवाली

पीएम मोदी के इस आह्वान के बाद सिर्फ भारतवर्ष में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में 22 जनवरी को भव्य और अद्भुत दिवाली मनाए जाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार विदेशों में भारतीय दूतावासों को भी इस संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन को भारत के साथ पूरी दुनिया में लाइव दिखाए जाने का कार्यक्रम भी है। साथ ही दुनिया भर में बसे भारतीय इस दिन अपने घरों को दीये से रोशन करके दिवाली का जश्न मनाएंगे। 22 जनवरी का दिन इसके बाद हमेशा इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। यह ऐसा दिन होगा, जब अयोध्या में श्रीराम लला विराजमान की खुशी में पूरी दुनिया दिवाली मनाएगी।

> 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। ऐसे में तय लोगों को ही अयोध्या में प्रवेश दी जाएगी। देशभर की कई हस्तियां अयोध्या में मौजूद रहेंगी। इसके लिए लोगों को निमंत्रण भी भेजा जा रहा है। पीएम मोदी ने आग्रह किया कि अपनी सुविधा के अनुसार वे अयोध्या आएं और 22 जनवरी को अयोध्या आने का मन न बनाएं। उन्होंने कहा कि सालों से इस भव्य आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। इसमें कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। यहां भीड़ मत लगाइएगा।

## रामलला के आने की खुशी में 22 जनवरी को दिवाली की रोशनी से जगमग होगी दुनिया




**अयोध्या** में विवादित स्थल पर 500 साल बाद प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण और श्रीराम लला की स्थापना के जश्न में 22 जनवरी को सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया दिवाली की रोशनी से जगमग होगी। अयोध्या से पीएम मोदी ने देश के सभी 140 करोड़ लोगों से 22 जनवरी के दिन अपने घरों को श्रीराम ज्योति? नामक दीपक की रोशनी से अपने घरों को जगमग करने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से हाथ जोड़कर ये प्रार्थना की है कि सभी देशवासी प्रभु श्रीराम लला की अयोध्या वापसी के जश्न में अपने-अपने घरों को दीये से जगमग कर दें। यानि पूरे देश में इस बार 22 जनवरी को ऊर्जा, आशा, अकांक्षा और उम्मीद व जोश से भरपूर एक नई दिवाली देखने को मिलेगी। यह दिवाली सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के उन तमाम देशों में भी मनाई जाएगी, जहां भारतीय लोग बसें हैं या जिन देशों में भारतीय दूतावास हैं।

आगामी 22 जनवरी को पीएम मोदी अयोध्या में निर्मित हो रहे प्रभु श्रीराम मंदिर का उद्घाटन करेंगे और इसी दिन श्रीराम लला मंदिर में विराजमान होंगे। पीएम मोदी ने अयोध्या से कहा कि 500 साल बाद भगवान राम को पक्का घर मिला है। साथ ही देश के 4 करोड़ अन्य लोगों को भी पक्का घर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पूरे देश के लोग अयोध्या आना चाहते हैं। मगर यह संभव नहीं है। क्योंकि इससे प्रभु श्रीराम को तकलीफ होगी। इसलिए उन्होंने देशवासियों से विनती करते कहा कि आप सभी जब 500 साल से इंतजार कर रहे हैं तो थोड़ा इंतजार और सही, मगर इस दिन अयोध्या आने का प्लान न बनाएं। ताकि भगवान को तकलीफ न हो। पीएम मोदी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का कोई भी भक्त उन्हें तकलीफ नहीं देना चाहता। आप सभी अपने घरों में दीया जलाएं।

> पीएम मोदी के इस आह्वान के बाद सिर्फ भारतवर्ष में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में 22 जनवरी को भव्य और अद्भुत दिवाली मनाए जाने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार विदेशों में भारतीय दूतावासों को भी इस संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन को भारत के साथ पूरी दुनिया में लाइव दिखाए जाने का कार्यक्रम भी है।

## पीएम मोदी ने अयोध्या को दिया न्यू ईयर गिफ्ट, बोले- रामलला टेंट में विराजमान थे, अब पक्का घर मिला

**अयोध्या** में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में पहुंचे हैं और आज वे अयोध्या को बड़ी सौगात देंगे। पीएम मोदी, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का और पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन का भी करेंगे उद्घाटन। पीएम मोदी अयोध्या से 6 वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 16 किलोमीटर का रोड शो भी करेंगे, इस दौरान संत समाज के साथ वैदिक ब्राह्मण वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्प वर्षा करेंगे।

प्रशासन ने सख्त सुरक्षा को लेकर सड़क के दोनों तरफ बैरिकेड किए हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बन्द किया गया है, साथ ही अयोध्या धाम में पैदल चलने पर भी पाबंदी लगाई गई है। अयोध्या में प्रधानमंत्री आज 15700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे और केवल अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए 11,100 करोड रुपए की परियोजनाओं की सौगात भी देंगे।

> अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में पहुंचे हैं और आज वे अयोध्या को बड़ी सौगात देंगे। पीएम मोदी, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का और पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित भवन का भी करेंगे उद्घाटन।

### जरूरी खबरें

## राम मंदिर में विराजेगी कृष्ण शिला से बनी राम लला की बाल स्वरूप मूर्ति!



**अयोध्य :** अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है और अब वो घड़ी भी नजदीक आने वाली है जब मंदिर में प्रभु राम पधारेंगे। लेकिन लोगों के मन में आज सबसे बड़ा सवाल ये है कि आखिर रामलला की कौन सी मूर्ति मंदिर में विराजमान होगी? श्वेत या श्याम? शुक्रवार को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्ति के चयन को लेकर मंदिर कमेटी की बैठक हुई। विशेष आचार्य और राम मंदिर से जुड़े एक्सपर्ट्स ने चयन की पूरी प्रक्रिया बताई है। राजस्थान के सत्यनारायण पांडे ने जहां राम लला की श्वेत रंग की मूर्ति बनाई है, तो वहीं, मैसूर के अरुण योगीराज और बेंगलुरु के जी एल भट्ट ने श्याम रंग की मूर्ति बनाई है।

जिन तीन शिलाओं पर प्रभु श्री राम की बाल स्वरूप मूर्ति बनाई गई है उनमें से कृष्ण शिला पर मैसूरु के शिल्पकार अरुण योगिराज के हाथों से बनाई गई मूर्ति पर अंतिम मुहर लग सकती है। सूत्रों के मुताबिक ट्रस्ट ने काफी मंथन के बाद श्याम शिला पर उकेरी गई प्रभु श्री राम की बालकाल्य मूर्ति को फाइनल कर दिया है।

**कैसी होगी मूर्ति :** शिल्पकार अरुण योगीराज के साथ काम करने वालों से बातचीत के आधार पर- प्रभु श्री राम की ये मूर्ति खड़े रूप में बाल्यकाल की मूर्ति है लेकिन हाथ में धनुष बाण है, ये मूर्ति प्रभावली के साथ बनाई गई है। अरुण और बाकी शिल्पकारों को ट्रस्ट की ओर से निर्देश थे कि मूर्ति बाल्यकाल की होनी चाहिए लेकिन प्रभु श्री राम को लेकर लोगों की जो आम कल्पना है वो उसमें स्पष्ट रूप से नजर आनी चाहिए।

## अयोध्या में भगवान श्रीराम की श्याम वर्ण की मूर्ति गर्भ गृह में होगी स्थापित



**अयोध्या :** अयोध्या के भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह में भगवान श्रीराम की श्याम वर्ण की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। भगवान राम की बनाई गई तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चुनाव होना था। अब इसका फैसला हो गया है। बताया जा रहा है कि श्याम वर्ण की दो मूर्तियां बनाई गई थी। इसमें से एक श्याम वर्ण की मूर्ति गर्भ गृह में स्थापित की जाएगी। भगवान श्रीराम श्याम वर्ण के थे इसलिए इस तरह की मूर्ति को स्थापित करने का फैसला किया गया है।

**किसने बनाई है मूर्ति,** मिली जानकारी के अनुसार, भगवान राम की पहली मूर्ति गणेश भट्ट ने बनाई थी। दूसकी सत्यनारायण पांडे ने बनाई थी। जबकि तीसरी मूर्ति अरुण योगीराज ने बनाई है। ट्रस्ट ने अरुण योगीराज की बनाई गई श्याम वर्ण की मूर्ति फाइनल की है। मंदिर के गर्भ गृह में दो मूर्ति रखी जाएगी। एक मूर्ति जो पहले टेंट में थी जिसकी अभी भी पूजा होती है। वहीं, दूसरी जो नई बनाई गई है। नई मूर्ति को दूर से भी दर्शन करने में आसानी होगी।

**पुजारी सत्येंद्र दास ने दिया था संकेतः** इससे पहले शुक्रवार को रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने इंडिया टीवी से बात करते हुए प्रभु श्रीराम की श्याम वर्ण की मूर्ति स्थापित करने का संकेत दिया था। इंडिया टीम से उन्होंने कहा कि हम ऐसी मूर्ति की प्रार्थना करते हैं जो श्याम रंग की है। क्योंकि हमारे प्रभु श्याम रंग के हैं।

**22 जनवरी 2024 को होगी प्राण प्रतिष्ठाः** बता दें कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर लगभग तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान बनाए गए हैं। इसलिए पीएम मोदी के हाथ भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगा। प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा। इसके लिए कई धार्मिक गुरुओं, कई दिलों के नेताओं को भी न्यौता दिया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संत भी शामिल होंगे।

# बाबा रामदेव के बताए इन योगासन से करें अपने नए साल की शुरुआत

**आज नए साल से ठीक पहले हम लाइफस्टाइल की 9 रोगों पर योगिक प्रहार करेंगे ताकि 2024 में सेहतमंद जीने की ख्वाहिश पूरी हो सकें क्योंकि भारत में 66% और दुनिया में होने वाली 74% मौतों की वजह यही लाइफस्टाइल की बीमारियां हैं। इसके लिए लोगों को अपनी आदते सुधारनी होंगी.**





आज पूरी दुनिया को बेसब्री से आधी रात का इंतज़ार है जैसे ही सुई का कांटा 12 पर आएगा लोग 2024 का धमाकेदार जश्न के साथ स्वागत करेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जनवरी के महीने से नया साल मनाने का सिलसिला कब शुरू हुआ। बहुत कम लोगों को पता होगा कि करीब 442 साल पहले जनवरी महीने को कैलेंडर का फर्स्ट मंथ बनाया गया। उससे पहले मार्च महीने से नए साल का आगाज़ होता था। बात चाहे साढ़े चार सौ साल पहले की हो या 2023 की। न्यू ईयर के ग्रैंड वैल्कम की खुशी एक जैसी है क्योंकि लोगों को लगता है कि बीते साल की गलतियों को पीछे छोड़कर वो अपनी ज़िंदगी को एक फ्रेश स्टार्ट दे सकते हैं। इस नई शुरुआत के लिए ज़रूरी है कि गुज़रे साल के साथ उन बीमारियों को भी पीछे छोड़ दिया जाए जो हमारी ज़िंदगी में कुंडली मारकर बैठ गई हैं क्योंकि अगर लोग फिट ही नहीं होंगे तो कोई भी **restart** काफी चैलेंजिंग हो जाएगा।

इसलिए तो आज नए साल से ठीक पहले हम लाइफस्टाइल की 9 रोगों पर योगिक प्रहार करेंगे ताकि 2024 में सेहतमंद जीने की ख्वाहिश पूरी हो सकें क्योंकि भारत में 66% और दुनिया में होने वाली 74% मौतों की वजह यही लाइफस्टाइल की बीमारियां हैं। इसके लिए लोगों को अपनी आदते सुधारनी होंगी लेकिन उनके पास ना आदतें सुधारने का वक्त है और ना ही अपनी सेहत के लिए वर्कआउट करने का।

अभी मौका है कसम खाइए नए साल पर रेज़ोल्यूशन लीजिए कि रोज़ सिर्फ 40 मिनट योग-वर्कआउठ के लिए निकालेंगे। पिछले करीब 4 साल से स्वामी रामदेव के साथ मिलकर इंडिया टीवी की तो यही कोशिश है कि योग घर-घर तक पहुंचे। उनका तो प्रण ही ये है कि जब तक हर एक इंसान योग को अपने जीवन में शामिल नहीं करेगा।। तब तक उनका योगिक मिशन जारी रहेगा।

**हेल्दी लाइफस्टाइल**

जल्दी उठें
योग करें
हेल्दी डाइट लें
तला भुना ना खाएं
पूरी नींद लें
दिन में 4 लीटर पानी पीएं
स्वस्थ शरीर पाएं- क्या खाएं
खाना गर्म और फ्रेश खाएं
भूख से कम खाना खाएं
खाने में भरपूर सलाद शामिल करें
मौसमी फल ज़रूर खाएं
खाने में दही-छाछ शामिल करें
मोटापा घटाएं - आज़माएं
अदरक-नींबू की चाय पीएं
रात में 1 चम्मच त्रिफला गर्म पानी से लें
3-6 ग्राम दालचीनी 200 ग्राम पानी में उबालें
1 चम्मच शहद मिलाकर पीएं
वर्कआउट जरूरी- रेज़ोल्यूशन लें
शरीर को मिलती है हाई एनर्जी
दिमाग एक्टिव रहता है
नींद में सुधार आता है
बीपी कंट्रोल होता है
तनाव घटता है
शुगर होगी कंट्रोल
खीरा-करेला टमाटर जूस
गिलोय का काढ़ा
थायराइड में कारगर आयुर्वेदिक उपचार
मुलेठी
तुलसी एलोवेरा जूस
त्रिफला
अश्वगंधा गर्म दूध
धनिए का रस
हार्ट होगा मजबूत - नेचुरल उपाय
अर्जुन छाल 1 चम्मच
दालचीनी 2 ग्राम



तुलसी 5 पत्ता
उबालकर काढ़ा बनाएं
रोज पीने से ब्लॉकेज दूर
दिमाग रहेगा एक्टिव
अखरोट
ग्रीन टी
हल्दी वाला दूध
दही
चने
अलसी
फेफड़े बनेंगे फौलादी - क्या करें?
प्राणायाम करें
हल्दी दूध पीएं
गर्म पानी पीएं
नस्यम-स्टीम लें
हाई बीपी करें कंट्रोल
सोडियम की मात्रा घटाएं
नियमित योग प्राणायाम करें
वज़न कम करें
एल्कोहल का कम सेवन करें
धूम्रपान से बचें


## संपादकीय

# बढ़ती अर्थव्यवस्था ने बढ़ायी उम्मीदें

बढ़ती मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि को देखते हुए ऐसा लगा था कि 2023 वैश्विक मंदी का साल होगा. पहले महामारी और फिर रूस–यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आते अवरोध से भी अर्थव्यवस्था के कमजोर होने की आशंका बनी रही, लेकिन साल के अंत तक ऐसी आशंकाएं गलत साबित हुईं. इस वर्ष सकल वैश्विक उत्पादन में लगभग तीन प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है. दुनिया भर में रोजगार बाजार लगातार बढ़ोतरी हुई, हालांकि इसकी दर बहुत अधिक नहीं रही. आम तौर पर मुद्रास्फीति भी घटती गयी है और विश्वभर के शेयर बाजारों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. कहा जा सकता है कि वैश्विक मंदी की आशंकाएं बढ़ा–चढ़ा कर बतायी जा रही थीं और सबसे बुरा दौर बीत चुका है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि जहां कुछ देशों की अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी रही, वहीं कुछ देशों का प्रदर्शन वैसा नहीं रहा.

> चीन की अर्थव्यवस्था में कमी आने से भी वैश्विक वृद्धि प्रभावित हुई है. मुद्रास्फीति को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के बाद भी चीन में जीडीपी की दर कमतर है और रोजगार वृद्धि में भी गिरावट आयी है. इसी बीच वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था ने औसतन 7.7 प्रतिशत की वृद्धि कर कई लोगों को अचरज में डाल दिया है.

मूल्य प्रबंधन, सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में वृद्धि, रोजगार बढ़ाने और शेयरों के दाम के मामलों में यूनान ने लगातार दूसरे साल भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है. यह प्रदर्शन इसलिए उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले तक यूनानी अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम चिंताएं जतायी जा रही थीं. इसी तरह दक्षिण कोरिया और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं का प्रदर्शन भी उत्साहजनक रहा. दिलचस्प है कि कुछ अन्य अच्छे प्रदर्शन उत्तर और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले. कनाडा और चिली शीर्ष के तीन देशों से बहुत पीछे नहीं हैं. सबसे निराशाजनक स्थिति उत्तरी यूरोप के देशों में रही, जिनमें ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन और फिनलैंड शामिल हैं. रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा स्रोतों के दाम में बड़ी वृद्धि तथा चीन से आयातित कारों से प्रतिस्पर्धा जैसे कारणों से जर्मनी की स्थिति खराब है. ब्रिटेन अभी भी यूरोपीय संघ से अलग होने के परिणामों से जूझ रहा है. माना जा रहा था कि यूरो जोन से निकलना ब्रिटेन के लिए लाभप्रद नहीं होगा और ऐसा ही होता हुआ दिख रहा है. कुछ अन्य यूरोपीय देश भी यूक्रेन युद्ध से महंगे हुए तेल और गैस के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं. एस्टोनिया ऐसा ही एक देश है. रूसी ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर फिनलैंड की अर्थव्यवस्था भी संकटग्रस्त है. ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन जैसे देशों में अब भी मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर है.



हालांकि बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वाले देशों में आर्थिक वृद्धि अच्छी रही, पर दुनिया भर में उत्पादकता बढ़ोतरी कमजोर रहने से वैश्विक अर्थव्यवस्था उस गति से नहीं बढ़ पा रही है, जैसी उसकी क्षमता है.

# युवाओं को पंख लगाता आइपीएल

**2024 के आइपीएल सत्र में पेस गेंदबाजों की खासी अहमियत रहने वाली है. असल में अगले सत्र में पेस गेंदबाजों को एक ओवर में दो बाउंसर फेंकने की अनुमति मिलने वाली है. अभी तक पेस गेंदबाज एक ही बाउंसर फेंक सकता था. इस वजह से बल्लेबाज जानता था कि ओवर की शुरुआत में बाउंसर आ गया, तो अब नहीं आने वाला है. लेकिन अब बल्लेबाज पर ओवर के दौरान बाउंसर का खौफ बना रहेगा. इससे पेस गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करके का मौका मिल रहा है.**

मनोज चतुर्वेदी

आइपीएल ने डेढ़ दशक से ज्यादा समय में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आर्थिक हालत तो सुधारी ही है, साथ ही कई युवाओं को भारी–भरकम रकम देकर उन्हें सपने जीने का मौका भी दिया है. इस कारण इसे कई बार करोड़पति बनाने वाली मशीन भी कहा जाता है. यह साल मिनी नीलामी का था, पर इसमें भी समीर रिजवी, शुभम दुबे, कुमार कुशाग्र, रॉबिन मिंज और एम सिद्धार्थ जैसे पहली सीढ़ी पर खड़े खिलाड़ियों को करोड़पति बना दिया गया. कुछ को तो इतना पैसा मिला है, जितना तीन दशक पहले क्रिकेटर पूरे करियर में भी नहीं कमा पाते थे. इस बार अनकैप्ड खिलाड़ियों में सबसे बड़ी लॉटरी मेरठ के समीर रिजवी के नाम लगी. उन्हें चेन्नई सुपरकिंग्स ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा है. खास बात यह है कि इस 20 वर्षीय क्रिकेटर ने हाल में कक्षा 10 की परीक्षा पास की है और कोई बहुत क्रिकेट भी नहीं खेला है. वे इस साल यूपी टी–20 लीग में धमाका कर कई आइपीएल फ्रेंचाइजियों के आकर्षण का केंद्र बन गये. उन्होंने इस लीग में नौ मैचों में दो शतकों के साथ 455 रन बनाये. इसी तरह नागपुर में पान का ठेला लगाने वाले बद्री प्रसाद के बेटे शुभम शर्मा को राजस्थान रॉयल्स ने 5.8 करोड़ रुपये में खरीदा. उनकी प्रतिक्रिया थी कि इतना पैसा मिलने की हमें कतई उम्मीद नहीं थी. कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल्स ने 7.2 करोड़ रुपये में, रॉबिन मिंज को गुजरात टायटंस ने 3.6 करोड़ रुपये में और एम सिद्धार्थ को लखनऊसुपरजायंट्स ने 2.4 करोड़ रुपये में खरीदा है. आइपीएल ने करियर के शुरू में ही उनके पंख लगा दिये हैं. अब यह इन खिलाड़ियों पर है कि वे कितना उड़ पाते हैं. उसी उड़ान से राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाने की राह बननी है.

आइपीएल का फॉर्मेट ऐसा बनाया गया है कि अनकैप्ड खिलाड़ियों की मांग हमेशा बनी रहती है. हर टीम को निर्धारित संख्या में अनकैप्ड खिलाड़ी लेना होता है, इसलिए वे युवाओं को सालभर फॉलो करते हैं और उन्हें लेने के लिए पूरा जोर लगा देते हैं. सभी फ्रेंचाइजी जानते हैं कि बिना मजबूत अनकैप्ड खिलाड़ियों के टीम मजबूत नहीं बन सकती है. कई बार यह युवा प्रतिभाएं उम्मीदों पर खरी नहीं भी उतर पाती हैं, पर जो खरे उतरते हैं, उन्हें आगे और ज्यादा रकम मिलने लगती है. फ्लॉप खिलाड़ियों की तत्काल छुट्टी भी कर दी जाती है. आइपीएल नीलामी के बारे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इसमें चमत्कार को ही नमस्कार किया जाता है. इस संबंध में आप पेस गेंदबाज जयदेव उनादकट का नाम ले सकते हैं. उन्हें 2018 में 11.5 करोड़ रुपये में खरीदा गया, लेकिन आने वाले सालों में वे क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके. इस कारण उनकी कीमत इस बार 1.6 करोड़ रुपये ही रह गयी. उमेश यादव की कीमत भी दो करोड़ रुपये तक गिर गयी थी, पर पिछले साल बेहतर प्रदर्शन कर वे इस बार 5.8 करोड़ रुपये पा गये. कई बार तो युवा एक साल स्टार बनते हैं और अगले साल गुमनामी के अंधेरे में खो जाते हैं. पेस गेंदबाज कामरान खान आइपीएल की पहली चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान शेन वार्न के टॉरनेडो कहलाते थे. पहले सीजन का यह हीरो एक्शन को लेकर सवाल उठते ही नदारद हो गया. ऐसे खिलाड़ियों में नाथू सिंह और पवन नेगी जैसे कई खिलाड़ी शामिल हैं.

आइपीएल ने क्रिकेट के स्तर को सुधारा है, यह बहस का मुद्दा हो सकता है. पर इसने क्रिकेटरों को मालामाल बनाया है, इस बात को लेकर शायद ही कोई असहमत हो. यह जरूर है कि हर फ्रेंचाइजी अपनी जरूरत के हिसाब से खिलाड़ियों पर पैसा लगाता है. इसकी वजह से क्रिकेटप्रेमी जिस खिलाड़ी को खासी रकम मिलने की उम्मीद कर रहे होते हैं, कई बार टीमें ऐसा नहीं सोचती हैं. अब आप इस बार ऑस्ट्रेलिया को आइसीसी विश्व कप का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रेविस हैड और न्यूजीलैंड के लिए तीन शतकों से 565 रन बनाने वाले रचिन रविंद्र को ही ले सकते हैं. सभी को लग रहा था कि इस बार इन दोनों पर जबरदस्त धनवर्षा होगी, पर ऐसा हुआ नहीं. ट्रेविस हैड को सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.8 करोड़ रुपये में और रचिन को सीएसके ने 1.8 करोड़ रुपये में खरीदा.

अब सवाल यह है कि ऐसा हुआ क्यों. इसकी प्रमुख वजह यह थी कि मिनी नीलामी में आम तौर पर टीमें अपने कमजोर पक्ष को ही मजबूत करती हैं. इस बार सभी टीमों ने पेस गेंदबाजों पर मुख्यतः पैसा लगाया और इसकी वजह यह है कि 2024 के आइपीएल सत्र में पेस गेंदबाजों की खासी अहमियत रहने वाली है. असल में अगले सत्र में पेस गेंदबाजों को एक ओवर में दो बाउंसर फेंकने की अनुमति मिलने वाली है. अभी तक पेस गेंदबाज एक ही बाउंसर फेंक सकता था. इस वजह से बल्लेबाज जानता था कि ओवर की शुरुआत में बाउंसर आ गया, तो अब नहीं आने वाला है. लेकिन अब बल्लेबाज पर ओवर के दौरान बाउंसर का खौफ बना रहेगा. इससे पेस गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करके का मौका मिल रहा है. इस कारण सभी टीमों ने अपने पेस अटैक को मजबूत करने पर जोर दिया, जिसकी वजह से बेहतर बैटर्स की भी अनदेखी हो गयी.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**




## बिजनेस

# 2024 में भी सरपट दौड़ेगी देश की इकॉनमी, दुनिया में सबसे तेज उधर वैश्विक ग्रोथ में गिरावट की आशंका

**नई दिल्ली:** भारत ने साल 2023 में प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों का शानदार तरीके से सामना किया। देश ने इस साल भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था का दर्जा कायम रखा। बढ़ती मांग, घटती महंगाई, स्थिर ब्याज दर और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था की चमक बनी रही। दुनिया के विकसित देशों में व्यापक निराशावाद और बिगड़ती भू–राजनीतिक स्थिति के बावजूद मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 6.1 प्रतिशत रही। जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। जबकि सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही।




**दुनिया में सबसे तेज ग्रोथ रेट**

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था की यह रफ्तार दिसंबर तिमाही में भी जारी रहने की उम्मीद है। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। यानी भारत इस मामले में चीन से आगे रहेगा। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के ताजा ग्रोथ अनुमान के अनुसार, भारत 2023 में 6.3 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज करेगा, जो चीन और ब्राजील की वृद्धि दर क्रमशः 5.2 प्रतिशत और तीन प्रतिशत से कहीं अधिक है।

**वैश्विक ग्रोथ में आ सकती है गिरावट**

ओईसीडी का अनुमान है कि 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। जबकि चीन की वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत रहेगी। हालांकि, भारत के संदर्भ में ओईसीडी के वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को कुछ कम माना जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नए साल में आर्थिक वृद्धि दर में या तो गिरावट आ सकती है या इनमें मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टा) के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक ग्रोथ के 2022 में 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**2024 में भी भारत करेगा अच्छी ग्रोथ**

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (टढउ) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि भारत की ग्रोथ ने कई बाहरी झटकों के बावजूद काफी जुझारू क्षमता दिखाई है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर कौशल और संपत्ति से लैस करने से 2024 और उससे आगे भारत अच्छी वृद्धि हासिल कर सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि आने वाले साल में भूराजनीतिक घटनाक्रम फिर से भारत की घरेलू मांग की मजबूती का परीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आने वाले वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.4 प्रतिशत रहेगी, जो चालू वित्त वर्ष से कुछ कम है।'

**महंगाई में आई है गिरावट**

अर्थव्यवस्था पर भारतीय रिजर्व बैंक के एक हालिया लेख में कहा गया है कि 'वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत 2023 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा।' एमपीसी के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा, 'कुछ कठिन वर्षों के बाद आर्थिक माहौल बेहतर हो रहा है। महंगाई घट रही है और वृद्धि बढ़ रही है। ज्यादातर अनुमानों में कहा गया है कि 2024–25 में भारत की वृद्धि दर 2023–24 की तुलना में कुछ कम रहेगी। वृद्धि की राह में सबसे बड़ा जोखिम वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुस्ती और भूराजनीतिक दबाव है।'

# मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ा विदेशी निवेशकों का भरोसा

**नई दिल्ली:** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस साल यानी 2023 में भारतीय शेयर बाजारों में जोरदार वापसी की है. इस साल अबतक भारतीय शेयरों में एफपीआई ने 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है. माना जा रहा है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते एफपीआई का भारतीय बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है. वर्ष 2023 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में जबर्दस्त निवेश किया है. दिसंबर माह में एफपीआई का प्रवाह 66,134 करोड़ रुपये रहा है. फिदेल फोलियो के संस्थापक किस्लय उपाध्याय ने कहा कि आगे चलकर भी एफपीआई का प्रवाह मजबूत रहने की उम्मीद है. हालांकि, शेयरों में उनका आवंटन कुछ 'चुनिंदा' हो सकता है.

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि वर्ष 2024 में अमेरिका में ब्याज दरों में लगातार कमी की संभावना है. इससे एफपीआई भारतीय बाजार में अपनी खरीदारी बढ़ा सकते हैं.



विशेषरूप से आम चुनाव से पहले साल के शुरुआती महीनों में एफपीआई का निवेश ऊंचा रह सकता है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 68,663 करोड़ रुपये डाले हैं. इस प्रकार पूंजी बाजार में उनका कुल निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपये रहा है. इससे पहले एफपीआई ने वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी के बीच 2022 में शेयर बाजारों 1.21 लाख करोड़ रुपये निकाले थे. 2022 से पहले तीन साल के दौरान एफपीआई ने शेयरों में अच्छा–खासा निवेश किया था. एफपीआई ने 2021 में शेयरों में शुद्ध रूप से 25,752 करोड़ रुपये, 2020 में 1.7 लाख करोड़ रुपये और 2019 में 1.01 लाख करोड़ रुपये डाले थे. अरिहंत कैपिटल के शोध प्रमुख अभिषेक जैन ने कहा कि भारत का मजबूत आर्थिक परिदृश्य, भू–राजनीतिक मुद्दों के प्रति जुझारू क्षमता और मजबूत घरेलू उपभोग की कहानी इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाती है.

# रतन टाटा फर्स्टक्राई में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचेंगे!

**नई दिल्ली** भारत के सबसे बड़े उद्योग घराने टाटा ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा ई–कॉमर्स कंपनी के **FirstCry** के आने वाले आईपीओ में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने वाले हैं. उन्होंने ब्रेनबीज सॉल्यूशंस से 66 लाख रुपये में 2016 में कंपनी की 0.02 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी. सेबी के पास दाखिल ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, टाटा ने सभी 77,900 शेयरों को 84.72 की प्रति शेयर के औसत से बेचने की योजना बनायी है. डीआरएचपी के अनुसार, ऑनलाइन रिटेलर की मूल कंपनी ब्रेनबीज1,816 करोड़ के नए शेयर जारी करेगी. जबकि मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल के माध्यम से 54.39 मिलियन शेयर बेचेंगे.



ओएफएस में प्रमुख विक्रेताओं में 20.3 मिलियन शेयरों के साथ सॉफ्टबैंक का एसवीएफ फॉग (केमैन), 2.8 मिलियन शेयरों के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा, 8.6 मिलियन शेयरों के साथ पीआई अपॉर्चुनिटीज फंड–1, टीपीजी ग्रोथ वी एसएफ मार्केट्स 3.9 मिलियन शेयरों के साथ, और न्यूक्वेस्ट एशिया इन्वेस्टमेंट्स 3 मिलियन शेयरों के साथ शामिल होने वाले हैं. अन्य विक्रेताओं में 2.5 मिलियन शेयरों के साथ एप्रीकॉट इन्वेस्टमेंट्स, 2.4 मिलियन शेयरों के साथ वैलेंट मॉरीशस पार्टनर्स, 8.37 मिलियन शेयरों के साथ टीआईएमएफ होल्डिंग्स (मॉरीशस), 8.37 मिलियन शेयरों के साथ थिंक इंडिया अपॉर्चुनिटीज और 6.16 मिलियन शेयरों के साथ श्रोडर्स कैपिटल इस लिस्ट में शामिल हैं. फर्स्टक्राई के सह–संस्थापक सुपम माहेश्वरी भी अपने शेयर बेचने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों में शामिल हैं.

फर्स्टक्राई के बाजार फायलिंग के अनुसार, कंपनी बाजार से प्राप्त पैसों को तीन कैटेगरी में बांटकर इस्तेमाल करने वाली है. इसका मुख्य मकसद, नये स्टोर खोलने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने का है. कंपनी के अनुसार, वो अपने पैसों का ऐसे इस्तेमाल करेगी.

अधिग्रहण और अन्य रणनीतिक पहलों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से अकार्बनिक विकास को वित्त पोषित करना.

**आईपीओ क्या होता है**

आईपीओ का पूरा नाम **Initial Public Offering** है. यह एक वित्तीय प्रक्रिया है जिसमें किसी प्राइवेट कंपनी ने अपने स्टॉक के खुले बाजार में निवेशकों के लिए प्रस्तावना जारी करने का निर्णय लिया होता है. यह उस कंपनी के लिए पहली बार होता है जब वह खुले बाजार में अपने शेयरों को बेचने के लिए जाती है. जब एक कंपनी आईपीओ जारी करती है, तो वह अपने शेयरों का प्रचार प्रसार करती है और इंवेस्टर्स को अपने शेयरों को खरीदने का मौका देती है. आईपीओ के माध्यम से कंपनी उसके स्टॉक को सार्वजनिक और न्यूजीज माध्यमों के माध्यम से निवेशकों के लिए उपलब्ध कराती है ताकि वे उसे खरीद सकें. आईपीओ के माध्यम से कंपनी अधिकतर अपने स्टॉक के लिए नए निवेशकों को खींचने की कोशिश करती है.

# सोने की कीमत ने मारी बड़ी छलांग

**नई दिल्ली:** सोने–चांदी की कीमतों में लगातार तेजी का सिलसिला जारी है. खरमास में सस्ता सोने का इंतजार कर रहे लोगों को अभी और इंतजार करना होगा. गुडरिटर्न्स वेबसाइट के अनुसार, शुक्रवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 24 कैरेट सोने की कीमत 430 रुपये उछल गई. इसके बाद, 24 कैरेट दस ग्राम सोने की कीमत 64,250 रुपये हो गयी है. इसके साथ ही, 22 कैरेट सोने की कीमत 400 रुपये चढ़ गई है. इसके बाद, दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 58,900 रुपये हो गया है. मुंबई में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद की कीमतों के बराबर 64,250 रुपये है. दिल्ली में दस ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 64,400 रुपये, बेंगलुरु में 64,250 रुपये और चेन्नई में 64,850 रुपये हो गयी है. मुंबई में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत कोलकाता और हैदराबाद के बराबर 58,900 रुपये है. जबकि, दिल्ली में दस ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 59,050 रुपये, बेंगलुरु में 58,900 रुपये और चेन्नई में 59,450 रुपये पर बिक रहा है. चांदी की कीमत में 300 रुपये की तेजी आयी है. इसके बाद, दिल्ली और मुंबई में एक किलोग्राम चांदी फिलहाल 79,500 रुपये पर कारोबार कर रही है. चेन्नई में एक किलोग्राम चांदी 81,000 रुपये पर कारोबार कर रही है.



कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने–चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली. सोने की कीमत 156 रुपये की गिरावट के साथ 63,522 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में फरवरी, 2024 माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 156 रुपये यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63,522 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. इसमें 16,286 लॉट का कारोबार हुआ. बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,087.50 डॉलर प्रति औंस रह गया. जबकि, चांदी की कीमत 261 रुपये की गिरावट के साथ 75,386 रुपये प्रति किग्रा रह गया. मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मार्च, 2024 महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 261 रुपये यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 75,386 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया.


सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार

TitleCode: UPHIN51223

मोबाइल नंबर 9456884327

Officialsabkasapna@gmail.com

www.sabkasapna.com

नोट– समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# 2023 में सबसे ज्यादा चर्चित रहीं मोदी सरकार कई घोषणाएं

**साल 2023 अब कुछ ही दिनों में समाप्त होने वाला है। देश और दुनिया में इस साल कई बड़ी घटनाएं देखने को मिली हैं। चुनाव से लेकर चंद्रयान की लैंडिंग और मोदी सरकार की विभिन्न घोषणाओं ने इस साल भारत की जनता को काफी आकर्षित किया। पर आखिर वे कौन सी योजनाएं थीं जिन्होंने केंद्र की मोदी सरकार को और ज्यादा चर्चित किया? इस खबर में हम लेकर आए हैं ऐसी ही कुछ घोषणाओं की लिस्ट जिन्होंने साल 2023 में सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं।**



केंद्र की मोदी सरकार ने देश के नए संसद भवन का उद्घाटन राजनीति में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर किया। 19 सितंबर 2023 को महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण देने के उद्देश्य से 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' लोकसभा में पेश किया गया। ये विधेयक दोनों सदनों में पेश हुआ और लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी विधेयक को मंजूरी दे दी जिससे यह कानून में बदल गया। हालांकि, महिला आरक्षण कानून को लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन किया जाएगा। विपक्षी दलों ने इन शर्तों पर आपत्ति भी जताई है।

**गैस सिलेंडर के रेट कम हुए।**

सिलेंडर के रेट में 200 रुपये की कटौती अगस्त महीने के आखिर में केंद्र की मोदी सरकार ने घरेलु गैस सिलेंडर के रेट में 200 रुपये की बड़ी कटौती कर दी थी। सरकार ने इस महिलाओं को रक्षाबंधन का उपहार बताया था। सबसे ज्यादा फायदा उज्ज्वला योजना का लाभ ले रहे लोगों को हुआ। उन्हें सिलेंडर पर पहले 200 की छूट मिलती थी। इसके बाद 200 की अतिरिक्त छूट से ये रकम 400 तक पहुंच गई। केंद्र सरकार के इस कदम से महिलाओं को काफी राहत मिली थी।

**5 साल और मिलेगा मुफ्त राशन।**

केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन स्कीम को फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब लोगों को आने वाले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस फैसले से देशभर के कुल 81 करोड़ लोग लाभान्वित होने जा रहे हैं। सभी लोगों को साल 2028 तक 5 किलोग्राम अनाज मुफ्त में मिलेगा। भारत सरकार इसमें 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपए का खर्च करेगी।

**IMEC कॉरिडोर का ऐलान।**

भारत की राजधानी नई दिल्ली में 7 से 9 नवंबर 2023 तक 20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसे अब तक के सबसे सफल आयोजनों में से एक बताया जाता है। 20 में 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' (क्टएउ) को भी शुरू करने का ऐलान किया गया था। इस कॉरिडोर की मदद से एशिया से लेकर मिडिल ईस्ट और यूरोप तक व्यापार आसान हो जाएगा। बता दें कि इस प्रोजेक्ट में भारत, यूएई, सउदी अरब, यूरोपियन यूनियन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल हैं।

**विश्वकर्मा योजना का ऐलान**

15 अगस्त 2023 को पीएम मोदी ने लाल किले से विश्वकर्मा जयंती के दिन 13 हजार करोड़ रुपये से विश्वकर्मा योजना लॉन्च करने का ऐलान किया। इस योजना का पूरा नाम प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना है।

इस योजना के तहत कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों को विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान पत्र मिलेगा। श्रमिकों को एक लाख तक का ब्याज मुक्त लोन मिलेगा और दूसरे चरण में 5 फीसदी की दर से 2 लाख का लोन मिलेगा। विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि इस योजना के तहत आने वाले 5 सालों में कुल 30 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा।

**2035 तक भारत का स्पेस स्टेशन**

अगस्त महीने की 23 तारीख को भारत के चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से पर लैंडिंग कर के इतिहास रच दिया था। इसके बाद भारत ने पहले सूर्य मिशन-आदित्य एल-1 भी लॉन्च किया। इसके बाद पीएम मोदी ने इसरो को निर्देश दिया है कि साल 2035 तक वे भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन तैयार करें। इसके साथ ही पीएम ने 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय इंसान को भेजने की तैयारी करने का भी निर्देश दिया है। इन मिशन के माध्यम से भारत एक बड़ी स्पेस पॉवर बनने जा रहा है।

**भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था।**

भारत आर्थिक रूप से काफी मजबूत होता जा रहा है। ब्रिटेन को पीछे कर के भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अब पीएम मोदी ने ऐलान किया है कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। इस संदेश के माध्यम से पीएम मोदी ने ये भी हिंट दिया है कि वह साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हैं।

**हथियारों की खरीद में तेजी।**

**आत्मनिर्भर भारत के तहत हथियारों की खरीद**

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देते हुए कई अहम कदम उठाए गए हैं। इस के तहत हाल ही में 97 तेजस विमान और 150 प्रचंड हेलीकॉप्टर्स की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा सरकार ने भारतीय नौसेना के लिए तीसरे एयरक्राफ्ट कैरियर के खरीद को भी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसकी लागत 40,000 करोड़ रुपये के करीब होने का अनुमान है।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आरक्षण।**

संसद में जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2023 विधेयक किया गया। पहले विधेयक में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कश्मीरी पंडितों और पीओके से विस्थापित लोगों के लिए 3 सीटें रिजर्व करने की बात कही गई है। दूसरे बिल में वंचित और ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण की बात कही गई है। बता दें कि 3 सीट में से 1 सीट महिला और एक पीओके से विस्थापित नागरिक के लिए रिजर्व होगी।

**2000 के नोट सर्कुलेशन से बाहर।**

2000 के नोट सर्कुलेशन से बाहर।
2000 के नोट सर्कुलेशन से बाहर
19 मई 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये के नोट को सर्कुलेशन से बाहर करने का ऐलान किया था। पहकने इन नोटों को बदलने के लिए नजदीकी बैंकों और आरबीआई के क्षेत्रीय कार्यालयों में सुविधाएं दी थीं। बता दें कि साल 2016 में हुई नोटबंदी के बाद 2000 रुपये के नोट अस्तित्व में आए थे। पहकने इन नोट को इस बड़े नोट को क्लीन नोट पॉलिसी के तहत चलन से बाहर करने का ऐलान किया था।







## कोर्ट से

## इस साल के वो ऐतिहासिक फैसले, जिन्होंने खीचा हर किसी का ध्यान



**किसी** भी देश का कोर्ट वहां की न्याय व्यवस्था के लिए बहुत अहम माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट भारत का सवोच्च न्यायालय है और इसका मुख्य कार्य कानून का पालन सुनिश्चित करना है। भारत के सवोच्च न्यायालय ने साल 2023 में अपने फैसलों से इस दिशा में कई अहम कदम भी उठाए हैं। इस साल भी देश की शीर्ष अदालत ने कई बड़े फैसले लिए। वैसे तो पूरे साल सुप्रीम कोर्ट में कई मुद्दे पहुंचे और कई मुद्दों पर अहम फैसले भी आए, लेकिन हम यहां उनमें 5 अहम फैसलों की बात करेंगे जिन्होंने हर किसी को न्याय पर ना सिर्फ भरोसा करने के लिए प्रेरित किया बल्कि सुरक्षा का भाव भी जगाए रखा। अब जबकि साल 2023 समाप्ति की ओर है तो ऐसे में आइए जानते है कि इस साल सुप्रीम कोर्ट के कौन से ऐसे 5 बड़े फैसले आए जिन पर खूब चर्चा हुई है-

**1. तलाक को लेकर फैसला**

कोर्ट ने अपने फैसले में बताया कि आपसी सहमति से तलाक के लिए 6 महीने का वेटिंग पीरियड जरूरी नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में जहां पति पत्नी के साथ रह पाने की कोई संभावना न बची हो, वहां वो आर्टिकल 142 के तहत मिली विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए अपनी ओर से भी तलाक दे सकता है। ऐसे मामलों में जहां पति पत्नी दोनों ही तलाक के लिए सहमत है या फिर भले ही दोनों में से एक जीवनसाथी तलाक के लिए सहमति नहीं दे रहा तो भी सुप्रीम कोर्ट तलाक का आदेश दे सकता है। इस फैसले का मतलब साफ था कि तलाक के लिए 6 महीने का इंतजार अनिवार्य नहीं होगा।

**2. धारा 370 हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर**

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के केंद्र सरकार के निर्णय को वैध करार देना, सुप्रीम कोर्ट के 2023 के अहम फैसलों में से एक फैसला है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने वर्डिक्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर के पास भारत में विलय के बाद आंतरिक संप्रभुता का अधिकार नहीं है। अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने और 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के लिए कहा है।

**3. समलैंगिक जोड़े की शादी पर फैसला**

17 अक्टूबर को कोर्ट ने समलैंगिक जोड़ों की शादी को लेकर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने ऐसे जोड़ों को कानूनी वैधता देने से इनकार कर दिया। ये फैसला मुख्य न्यायाधीश डीवाई

**अडानी-हिंडनबर्ग मामले ने पूरे देश में सुर्खियां बंटोरीं। सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च को अडानी समूह की कंपनियों पर हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट से उठे सवाल पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। समिति में शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता में 6 सदस्य शामिल थे। शीर्ष अदालत ने तब सेबी से 2 महीने के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट उस समय हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित एक समिति का गठन भी शामिल था।**

चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने दिया। पीठ ने 3-2 के बहुमत से फैसला सुनाया। सवोच्च न्यायालय ने इस दौरान साफ कहा कि समलैंगिक शादी पर कानून बनाने का हक केवल संसद का है। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने इस फैसले को पढ़ा था।

**4. अडानी-हिंडनबर्ग मामले में कमेटी का गठन**

अडानी-हिंडनबर्ग मामले ने पूरे देश में सुर्खियां बंटोरीं। सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च को अडानी समूह की कंपनियों पर हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट से उठे सवाल पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। समिति में शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम सप्रे की अध्यक्षता में 6 सदस्य शामिल थे। शीर्ष अदालत ने तब सेबी से 2 महीने के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट उस समय हिंडनबर्ग रिपोर्ट से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए नियामक तंत्र से संबंधित एक समिति का गठन भी शामिल था।

**5. नोटबंदी के फैसले पर शीर्ष अदालत**

2016 में 500 और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने के निर्णय की वैधता को चुनौती देने वाली तमाम याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में अपना फैसला सुनाया। खास बात यह है कि कोर्ट ने भी सरकार के फैसले को ही बरकरार रखा। इस संबंध में दाखिल सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

# भारतीय बल्लेबाजों के नाम रहा साल 2023

**चंदन तिवारी , लोकगायिका**

**इस साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला गया। ऐसे में सभी टीमों का ध्यान वनडे क्रिकेट पर ज्यादा था। लेकिन टीम इंडिया ने वनडे के साथ-साथ टी20 में भी अपना जलवा जारी रखा। इस साल टी20 में भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, शुभमल गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ ने शतक जड़े। ये क्रिकेट के इतिहास में पहला मौका था जब एक ही साल में एक ही टीम के 4 बल्लेबाजों ने टी20 फॉर्मेट में शतक जड़ा। इससे पहले ये कारमाना कोई भी टीम नही कर सकी थी।**

साल 2023 खत्म होने वाला है। ये साल भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए काफी यादगार रहा। टीम इंडिया इस साल भी भले ही आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकी, लेकिन क्रिकेट जगत में उसका दबदबा देखने को मिला। इस साल टीम इंडिया ने तीनों ही फॉर्मेट में काफी कमाल का प्रदर्शन किया और तीनों ही फॉर्मेट में नंबर-1 बनी। साल 2023 में भारतीय बल्लेबाजों ने एक ऐसा कारनामा भी किया जो इससे पहले कोई भी टीम नहीं कर सकी थी।

**भारतीय बल्लेबाजों का ऐतिहासिक प्रदर्शन**

इस साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला गया। ऐसे में सभी टीमों का ध्यान वनडे क्रिकेट पर ज्यादा था। लेकिन टीम इंडिया ने वनडे के साथ-साथ टी20 में भी अपना जलवा जारी रखा। इस साल टी20 में भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव, शुभमल गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ ने शतक जड़े। ये क्रिकेट के इतिहास में पहला मौका था जब एक ही साल में एक ही टीम के 4 बल्लेबाजों ने टी20 फॉर्मेट में शतक जड़ा। इससे पहले ये कारमाना कोई भी टीम नहीं कर सकी थी।

**श्रीलंका ने देखी सूर्या के बल्ले की गरमी**

साल 2023 की शुरुआत में ही भारत और श्रीलंका के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली गई थी। सीरीज के आखिरी मैच में सूर्यकुमार यादव ने शतकीय पारी खेली थी। सूर्या ने महज 45 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था। वहीं, सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों पर नाबाद 112 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 9 छक्के जड़े थे।

**शुभमल गिल के बल्ले से निकली ऐतिहासिक पारी**

टीम इंडिया ने जनवरी-फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टी20 सीरीज खेली थी। इस सीरीज के आखिरी मैच में शुभमन गिल ने शतक जड़ा था। गिल ने अहमदाबाद में खेले गए मुकाबले में नाबाद 126 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 63 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और 7 छक्के लगाए थे। वह इस पारी के साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टी20 पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने थे।

**एशियन गेम्स में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बने थे यशस्वी**

एशियन गेम्स 2023 में भारत और नेपाल क्रिकेट टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया था। इस मैच में यशस्वी जायसवाल ने शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने 49 गेंदों में 100 रन बनाए थे। यह जायसवाल का टी20 इंटरनेशनल का पहला शतक भी था। इसी के साथ वह टी20 में भारत के सबसे युवा शतकवीर बने थे। उन्होंने 21 दिन 279 दिन की उम्र में नेपाल के खिलाफ शतक जड़ा था।

**ऋतुराज गायकवाड़ बने साल के चौथे शतकवीर**

साल 2023 में टीम इंडिया के लिए चौथा टी20 शतक ऋतुराज गायकवाड़ के बल्ले से निकला। ऋतुराज गायकवाड़ ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज में शतक लगाया था। उन्होंने 57 गेंदों पर नाबाद 123 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और 7 छक्के जड़े।

